● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 115, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 01 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



सच्चाई बताने का समय आ गया : दिया कुमारी 5



रोहित ने आईपीएल में लगाये 300 छक्के 6

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक : पीएम

## पीएम मोदी ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को किया संबोधित

### नागरिक देवो भवः वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है

### ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक बना








**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक हैं। समाज में बड़ा परिवर्तन लाने वाली लोकमाता देवी अहिल्या को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देवी अहिल्या के प्रेरक कथन ''जो कुछ भी हमें मिला है वह जनता द्वारा दिया ऋण है- जिसे हमें चुकाना हैं'' का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है, ''नागरिक देवो भवः'' वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती, सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भागीरथी प्रयासों में अपना योगदान देने का अवसर है। देवी अहिल्याबाई का मानना था कि ''जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य हैं'', उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है, सरकार की हर बड़ी योजना के केंद्र में माताएं- बहने -बेटियां हैं। देश में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं और इनमें से अधिकतर घर माता -बहनों के नाम पर हैं, वे पहली बार घर की मालकिन बनी हैं। सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, माता-बहनों को असुविधा न हो और बेटियां पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकें, इस उद्देश्य से बिजली, उज्जवला गैस भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह सुविधाएं माता बहनों के सम्मान का विनम्र प्रयास है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में जम्बूरी मैदान पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही देवी अहिल्या पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी प्रदर्शित किए गए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा- हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदर्शनी में प्रदेश में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, विभिन्न धार्मिक लोक के विकास सहित राज्य के अन्य विकासोन्मुखी नवाचारों का भी अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के जरी जरदोजी से बना चित्र भेंट कर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पगड़ी पहना कर तथा बैतूल जिले के भरेवा शिल्प से निर्मित पुष्पक विमान भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की प्रतीक प्रदेश की चार महिलाओं ने भी स्वागत किया। इस क्रम में जबलपुर में कैंसर रोगियों की देखरेख को समर्पित सुश्री ज्ञानेश्वरी देवी, पहली भारतीय कैनोइस्ट और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुश्री प्राची यादव, ग्राम स्तर पर स्वच्छता और विकास कार्यों को समर्पित ग्राम तिरला- जिला धार की सरपंच श्रीमती आरती पटेल और महेश्वरी साड़ी निर्माण में लगी नागेश्वरी स्वयं सहायता समूह महेश्वर की सुश्री मीनाक्षी ठाकले ने स्वागत अभिवादन किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय कलाकार डॉ. जयमती कश्यप को देवी अहिल्या बाई राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और 300 रूपये का सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण तथा इंदौर मेट्रो का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में 1271 नए अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण के लिए प्रथम किस्त के अंतर्गत 483 करोड़ रुपए का वर्चुअल अंतरण भी किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इंदौर मेट्रो की शुरुआत और दतिया व सतना के हवाई सेवा से जुड़ने से मध्यप्रदेश में सुविधाएं बढ़ेंगी, विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसरों का इससे सृजन भी होगा। मध्यप्रदेश में अनेक विकास के कार्य हो रहे हैं। भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर को अब मेट्रो की पहचान मिली है। केंद्र सरकार ने मालवा क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए रेल लाइनों के विकास को मंजूरी दी है। दतिया व सतना के हवाई सेवा से जुड़ने से अब मां पीतांबरा और मां शारदा देवी के दर्शन और सुलभ हो जाएंगे। बुंदेलखंड और बघेलखंड की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। आज भारत को अहिल्याबाई की प्रेरणा से अपना परिश्रम और सामर्थ्य बढ़ाना है। रानी कमलापति, रानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई, रानी चेनम्मा जैसे नाम हमें गौरव से भर देते हैं। हमें भारत की नींव मजबूत करनी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने अपने कार्यकाल में विकास के साथ विरासत को सहेजा था। आज का भारत भी इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज बेटियां डॉक्टर, इंजीनियर और साइंटिस्ट बन रही हैं। गांव-गांव में बैंक सखियां बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। एक समय था, जब महिलाओं को नई तकनीक से दूर रखा जाता था लेकिन आज गांव की बहनें ड्रोन दीदी बनकर खेती में मदद कर रही हैं। गांव में उनकी अलग पहचान बन रही हैं। पहले महिलाएं अपनी बीमारियां छिपाती थी, क्योंकि परिवार पर इलाज का बोझ न पड़े लेकिन अब महिलाएं आयुष्मान योजना में 5 लाख तक का निरूशुल्क इलाज करा सकती हैं। गत 11 साल में हमारी केन्द्र और राज्य की सरकारों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। हमारी सरकार ने 30 करोड़ जनधन खाते खुलवाए हैं, जिनमें उन्हें पैसे भेजे जा रहे हैं। बहनें आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। मुद्रा योजना का लाभ लेने वाली ज्यादातर महिला उद्यमी हैं। देशभर में 10 करोड़ बहनें स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं और कमाई कर रही हैं। सरकार ने 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। नमो ड्रोन योजना के अंतर्गत अब तक 1.5 करोड़ बहने लखपति बन चुकी हैं। देश में साइंस और मैथ्स पढ़ने वाली बेटियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चंद्रयान 3 मिशन में 100 से अधिक महिला वैज्ञानिक शामिल थीं। देश में स्टार्टअप की संख्या बढ़ रही है, इनमें 45 प्रतिशत नेतृत्व महिलाओं के पास है। हमारी सरकार में पहली बार पूर्णकालिक महिला रक्षा और वित्त मंत्री बनीं। इस बार 75 सांसद महिलाएं हैं, पंचायतों में भी महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ रही है। सरकार के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पीछे भी यही भावना है। अब संसद और विधानसभाओं में भी महिला आरक्षण दे दिया गया है। भारत सरकार बहनों को हर क्षेत्र में सशक्त कर रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मां भारती और मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि महासम्मेलन में बड़ी संख्या में आईं माताओं-बहनों के दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया हूं। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर नाम सुनकर मन में श्रद्धा का भाव आता है। उनके संकल्पों से सीख मिलती है कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हो इच्छाशक्ति से उन्हें पूर्ण किया जा सकता है। आज से 250-300 साल पहले जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था, तब उन्होंने इन कार्यों को पूर्ण किया। वे हमेशा शिवलिंग साथ लेकर चलती थीं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में राज्य का कार्यभार संभाला और राज्य को समृद्धि दी। देवी अहिल्याबाई भारत की विरासत की संरक्षक थीं। जब देशभर में हमारे मंदिरों, तीर्थ स्थलों पर हमले हो रहे थे तो उन्होंने इन्हें संरक्षित करने का कार्य किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ समेत अनेक मंदिरों का निर्माण कराया। प्रधामनंत्री श्री मोदी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि काशी ने उन्हें भी सेवा का अवसर दिया है। काशी में देवी अहिल्याबाई की मूर्ति भी देखने को मिलती है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने विकास का ऐसा मॉडल अपनाया, जिसमें गरीबों और वंचितों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने उद्योग, खेती और जल संरक्षण को बढ़ावा दिया। वर्तमान में कैच द रैन के माध्यम से बारिश की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास हो रहा है। देवी अहिल्याबाई ने 250-300 साल पहले हमें जल संरक्षण का रास्ता दिखाया था। उन्होंने किसानों को कपास की खेती के लिए प्रेरित किया। देवी अहिल्या ने किसानों को धान और गेंहू की खेती के अतिरिक्त फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन दिया। देवी अहिल्या ने महेश्वरी साड़ी के लिए नए उद्योग लगाए। वे हुनर की पारखी थीं, जूनागढ़ (गुजरात) से कुछ बुनकर परिवारों को महेश्वर लाकर साड़ी

# कर्नाटक में तंबाकू पर सख्ती

**बंगलूरू।** कर्नाटक सरकार ने तंबाकू उत्पादों को लेकर एक सख्त कानून को अधिसूचित कर दिया है। इस नए कानून के तहत अब तंबाकू खरीदने की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल कर दी गई है, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह अधिसूचना 30 मई को जारी की गई, जब राष्ट्रपति ने 23 मई को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन पर प्रतिबंध और व्यापार, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) कर्नाटक संशोधन विधेयक, 2024 को अपनी मंजूरी दी। नए कानून के अनुसार, अब कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक जगह पर तंबाकू का इस्तेमाल नहीं कर सकता। हालांकि, कुछ विशेष जगह जैसे, 30 कमरे या उससे ज्यादा वाले होटल, 30 या उससे ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता वाले रेस्टोरेंट, हवाई अड्डों - इन जगहों पर विशेष स्मोकिंग जोन बनाए जा सकते हैं। नए कानून की धारा 4 के तहत अब राज्य में हुक्का बार खोलना या चलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# सरकार ने घटाई रक्षा खरीद की समयसीमा

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा खरीद की समयसीमा को काफी कम किया है, जिससे सैन्य उपकरणों की खरीद में अच्छा खासा समय बचेगा। रक्षा सचिव ने बताया कि रक्षा खरीद में व्यापक सुधारों और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से ये सुधार किए गए हैं। राजधानी दिल्ली में एक रक्षा सम्मेलन में बोलते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि इस पूरे सुधार से रक्षा खरीद की प्रक्रिया में 69 सप्ताह का समय बचेगा। रक्षा सचिव ने कहा कि रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 में बदलाव किए जा रहे हैं। जिनके मुताबिक पारंपरिक नामांकन-आधारित लागत-प्लस खरीद से प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल में स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र ऑर्डर के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। पोत निर्माण और एएमसीए प्रोजेक्ट में पहले ही ये बदलाव कर दिए गए हैं। राजेश कुमार सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सीआईआई बिजनेस समिट में रक्षा परियोजनाओं में देरी, अवास्तविक समयसीमा निर्धारण और व्यवस्थागत मुद्दों पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस देरी से सेना की परिचालन तत्परता पर पड़ने वाले असर पर गंभीर चिंता जाहिर की थी। सिंह ने भारत की रणनीतिक स्वयात्ता को बनाए रखने की जरूरत और विकसित भारत के विजन को हासिल करने के लिए आत्मनिर्भरता की भूमिका पर बल दिया। वायुसेना प्रमुख ने निजी उद्योगों से घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और पूंजीगत उपकरणों में भारी निवेश करने का आग्रह भी किया। सीआईआई बिजनेस समिट में बोलते हुए उन्होंने हुए कहा, कई बार करार पर हस्ताक्षर करते वक्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम समय पर नहीं मिलेंगे। फिर भी हम अनुबंध पर हस्ताक्षर कर देते हैं। मैं ऐसी कोई एक भी परियोजना नहीं बता सकता जो समय पर पूरी हुई हो।

# सेवानिवृत्ति के दिन सलाखों के पीछे पहुंचे इंजीनियर साहब

## करोड़ों की नकदी और संपत्ति जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ इंजीनियर बैकुंठ नाथ सारंगी को शनिवार को उनकी सेवा के अंतिम दिन भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मामले में इंजीनियर सारंगी पर आय से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप है। यह कार्रवाई राज्य सतर्कता विभाग (विजिलेंस) द्वारा की गई। बता दें कि गिरफ्तारी से एक दिन पहले विजिलेंस अधिकारियों ने सारंगी के ठिकानों पर छापा मारा था, जिसमें 2.56 करोड़ नकद, दो बहुमंजिला इमारतें, दो फ्लैट, सात महंगे प्लॉट, 1.5 करोड़ की बैंक जमा राशि, शेयर, म्यूचुअल फंड व बीमा में 2.7 करोड़ का निवेश, 1.141 किलो सोना, 15 महंगी घड़ियां और कई कीमती सामान जब्त किए गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो छापे के दौरान जब अधिकारी इंजीनियर बैकुंठ नाथ सारंगी के भुवनेश्वर स्थित फ्लैट पहुंचे तो सारंगी ने ?500 के नोटों की गड्डियां खिड़की से बाहर फेंकने की कोशिश की, ताकि पकड़े न जाएं।

# विकास के लिए अच्छी नीति महत्वपूर्ण : नायडू

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन शीर्ष दो अर्थव्यवस्था वाले देश अमेरिका और चीन के साथ वास्तविक प्रतिस्पर्धा अब शुरू हुई है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि भारत को अपनी वैश्विक उत्पाद विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए और मध्यम आय के जाल में फंसने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। अगले दो साल में, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

# मेट्रो शुरू, स्टेशनों के नाम वीरांगनाओं के नाम पर रखे, एक सप्ताह फ्री टिकट

इंदौर। इंदौर की गति को रफ्तार देने वाली मेट्रो ट्रेन आज शुरू हो गई। पहले ही सफर में इंदौरियों की खुशी देखते ही बन रही थी। कोई ट्रेन को छूकर देख रहा था तो कोई ट्रैक के आसपास सेल्फी खिंचवा रहा था। हजारों लोगों की उत्सुक भीड़ को देखकर मेट्रो के स्टाफ की भी खुशियां दोगुनी हो गई। मेट्रो को तैयार करने वाले अधिकारी और कर्मचारी भी इंदौरियों की खुशी देखकर अपनी मेहनत पर गर्व कर रहे थे। आज सुबह 12 बजे जैसे ही पीएम मोदी ने भोपाल से इंदौर की मेट्रो का वर्चुअल शुभारंभ किया हर किसी के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन से इंदौर मेट्रो का वर्चुअल लोकर्पण किया। भोपाल में महिला सम्मेलन में पहुंचे पीएम मोदी का लाइव इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर मेट्रो टर्मिनल पर प्रसारित किया गया। पीएम ने भाषण के दौरान वंदे मातरम् के नारे लगवाए।

इस पर इंदौर का टर्मिनल भी वंदे मातरम् से गूंज उठा। इंदौर में पहली राइड के बाद मेट्रो से बाहर निकलते ही टर्मिनल पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भोपाल में पीएम मोदी के वर्चुअल लोकार्पण करने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार, मूल ढांचे में बदलाव का नहीं : सीजेआई

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका का मौलिक कर्तव्य देश के उस आखिरी नागरिक तक पहुंचना है, जिसे न्याय की जरूरत है। विधायिका और कार्यपालिका का भी यही कर्तव्य है। सीजेआई ने पांच दशक पूर्व 13 जजों की पीठ की ओर से संसद की शक्ति को लेकर दिए गए ऐतिहासिक फैसले को मील का पत्थर करार दिया।



कहा कि संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार है और इसके लिए वह मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है, लेकिन उसके पास संविधान के मूल ढांचे में बदलाव करने का अधिकार नहीं है ।650 करोड़ रुपये की लागत से बने 14 मंजिला नए बहुउद्देश्यीय भवन में अधिवक्ता चेंबर और मल्टीलेबर पार्किंग का रिमोट दबाकर उद्घाटन करने के बाद सीजेआई ने कहा कि जब भी संकट आया भारत एकजुट और मजबूत रहा। इसका श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि भारतीय संविधान लागू होने की 75 वर्ष की यात्रा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ने सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया है। कई ऐसे कानून लाए गए, जिसमें जमींदार से जमीन लेकर भूमिहीन व्यक्तियों को दी गई। उन्होंने कहा कि समय- समय पर इन कानूनों को चुनौती दी गई। 1973 से पहले उच्चतम न्यायालय का विचार था नीति निर्देशक सिद्धांत (डायरेक्टिव प्रिंसिपल) और मौलिक अधिकारों के बीच टकराव की स्थिति बनेगी तो मौलिक अधिकार ऊपर होगा। गवई ने बताया कि 50 वर्ष पूर्व 1973 में 13 न्यायाधीशों की पीठ का निर्णय आया कि संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार है और इसके लिए वह मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है, लेकिन उसके पास संविधान के मूल ढांचे में बदलाव करने का अधिकार नहीं है। सीजेआई ने बताया कि इस पीठ ने यह भी कहा था कि मौलिक अधिकार और नीति निर्देशक सिद्धांत दोनों ही संविधान की आत्मा हैं। ये दोनों संविधान के स्वर्ण रथ के दो पहिए हैं, जिसमें से यदि एक पहिया रोको तो पूरा रथ रुक जाएगा।

सीजेआई ने कहा कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि बार और बेंच एक सिक्के के दो पहलू हैं। जब तक बार और बेंच साथ मिलकर काम नहीं करते तब तक न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूरे देश के लिए एक अच्छा आदर्श दिया है। जिसमें बार के लिए न्यायाधीशों ने 12 बंगले खाली कर दिए और अपने वकील भाइयों की सुविधा का ध्यान रखा।

बहुउद्देश्यीय भवन के निर्माण की सीजेआई ने तारीफ की। उन्होंने कहा कि देश में और बाहर भी वह यात्रा करते रहते हैं।

# रेत से भरे ट्रैक्टर के सुपुर्दगी का मामला गरमाया

## चितरंगी पुलिस का गोलमाल जवाब, सोनघड़ियाल के अमला ने खैरा घाट के सोन नदी से पकड़ा था ट्रैक्टर

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र में रेत कारोबारियों को पुलिस का किस तरह संरक्षण मिला, एक सनसनी खेज मामले ने पुलिस की कार्यप्रणाली की पोल खुल गई है। अब यह मामला चितरंगी पुलिस के लिए गले का फांस बन गया है। मामला सोनघड़ियाल अभ्यारण्य वृत्त बीछी बगदरा से जुड़ा हुआ है।

दरअसल पिछले वर्ष 10 दिसम्बर को सोनघड़ियाल अभ्यारण्य वृत्त बीछी के बीट गांगी से एक स्वराज ट्रैक्टर मय ट्रॉली एवं सोन नदी के रेत के साथ खैरा घाट सोन नदी से घेराबंदी कर पकड़ते हुये ट्रैक्टर को सुपुर्दगी में सुरक्षार्थ चितरंगी थाना में ले जाकर खड़ा कराया गया। जहां विधिवत पंचनामा तैयार कराया गया। साथ ही ट्रैक्टर के चेचिस एवं इंजन के आधार पर सोनघड़ियाल अभ्यारण्य ने वन जीव संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 27, 29, 39(1) 1, 53 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 2, 41 52 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया। सोनघड़ियाल अभ्यारण्य में सुपुर्दनामा में 2.5 घन रेता भी ट्रॉली इंजन के साथ एक चाभी छल्ला सौपा था। सुपुर्दनामा थाना प्रभारी समेत सोनघड़ियाल अभ्यारण्य के वन रक्षक के अलावा लक्ष्मन पनिका व अन्य के हस्ताक्षर भी हैं। यह ट्रैक्टर खैरा गांव निवासी राजू जायसवाल पिता किशुनदास जायसवाल का है। इस बीच जप्त वाहन ट्रैक्टर के विरूद्ध राजसात कार्रवाई प्रचलित है। इसके बावजूद ट्रैक्टर को चितरंगी पुलिस ने मुक्त कर दिया। इसमें वन विभाग के अनुमति नही ली गई। जिसके संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी सोनघड़ियाल अभ्यारण्य चितरंगी मुख्यालय सिहावल के द्वारा चितरंगी पुलिस थाना प्रभारी को दो पत्राचार कर सुपुर्द किये गये उक्त ट्रैक्टर की मांग की गई, किं तु चितरंगी पुलिस के द्वारा सोनघड़ियाल अभ्यारण्य के अमले को पत्राचार का कोई जवाब नही दिया जा रहा है। जबकि सोनघड़ियाल अभ्यारण्य ने उक्त संबंध में न्यायालय प्रथम श्रेणी देवसर को भी सूचना दी जा चुकी थी। इसके बावजूद चितरंगी पुलिस ने बिना



वन विभाग के अनुमति के वाहन को मुक्त कर दिया। अब यह मामला काफी तूल पकड़ने लगा। इस बीच पता चला कि चितरंगी पुलिस ने कार्रवाई में बड़ा खेला कर दी है। सोनघड़ियाल अभ्यारण्य कार्रवाई को न बताकर चितरंगी पुलिस ने गीरछांदा से उक्त ट्रैक्टर को रेत के साथ पकड़ने के कार्रवाई को अपनी पीठ थपथपाने लगे। सोनघड़ियाल अभ्यारण्य ने चितरंगी पुलिस के काले करतूतों का भण्डाफोड़ कर उनकी कलई को खोल दिया है। चितरंगी पुलिस गोलमाल जवाब दे रही है। इधर इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन ने कहा कि अभी इस मामले में जानकारी ली जा रही है।

### राजसात से ट्रैक्टर को बचाने चितरंगी पुलिस ने किया खेला

दरअसल जप्त ट्रैक्टर को सोनघड़ियाल अभ्यारण्य बगदरा अमला राजसात की कार्रवाई करता। सूत्र बताते हैं कि इस कार्रवाई से बचने के लिए रेत कारोबारी राजू पिता किशुनदास जायसवाल एवं पुलिस के बीच बड़ी डील हुई है और पुलिस ने अनन-फानन में ट्रैक्टर को गीरछांदा मार्ग मुखिया सिंह के घर के पास ट्रैक्टर को जप्त करना बताते हुये धारा 303 (2),317 (5),बीएनएस 4.21 खान खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध कर कार्रवाई की थी। बाद में जुर्माना के आधार पर ट्रैक्टर छूट गया। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि इसमें चितरंगी के तत्कालीन एसडीओपी को भी भलीभांति जानकारी थी। फिर भी अपनी पीठ थपथपाने और ट्रैक्टर को राजसात के कार्रवाई से बचाने के लिए बड़ा खेला कर दिया।

### दूसरी बार खैरा में ही रेत के साथ पकड़ा था ट्रैक्टर

सोनघड़ियाल अमले को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि खैरा घाट के सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन जोरो के साथ चल रहा है। सोनघड़ियाल वन अमले की टीम ने खैरा घाट में जनवरी महीने में दबिश देते हुये चार ट्रैक्टरों को पकड़ा था। जिसमें राजू जायसवाल का भी ट्रैक्टर शामिल था। सूत्र बताते हैं कि जब सोनघड़ियाल वन अमले को दोबारा अवैध रेत के साथ ट्रैक्टर पकड़ाया तो, वे उसे देखकर हैरान हो गये कि आखिरकार ट्रैक्टर आया कहां से। सोनघड़ियाल अमला पता लगाने में जुट गया। इस दौरान जानकारी मिली कि चितरंगी पुलिस ने खनिज अधिनियम एवं रेत चोरी के अपराध में ट्रैक्टर जप्त कर कार्रवाई की है। इसके बाद पत्राचार शुरू हुआ, लेकिन आज तक उक्त पत्राचार का जवाब चितरंगी पुलिस नही दे पाई है, बल्कि अब चितरंगी पुलिस अपनी खुद की कार्रवाई बता रही है।

### इनका कहना

*हमारे कार्यकाल के दौरान की कार्रवाई नही है। चितरंगी थाने में 10 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़कर अपराध क्रमांक 481/24 में दर्ज हुआ है। चितरंगी थाने में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। पंचनामा में सोनघड़ियाल के चौकीदार के भी हस्ताक्षर हैं।न्यायालय से ट्रैक्टर छोड़ गया है।*

**सुधेश तिवारी**
**निरीक्षक, थाना चितरंगी**

# स्टील गोदाम के दुकान में आग लगने से लाखों रूपये का हुआ नुकसान

## जयंत पुलिस चौकी क्षेत्र के गोल मार्केट की घटना



**सिंगरौली।** पुलिस चौकी जयंत के गोल मार्केट एसके स्टील गोदाम दुकान में बीती रात बिजली के शॉर्ट-सर्किट से आग लगने के कारण लाखों कीमत के सामग्रियां जल कर नष्ट हो गई। आगजनी की घटना मिलते ही एनसीएल का दमकल एवं पुलिस चौकी प्रभारी घटनास्थल पहुंच आग पर काबू पाने का हर संभव प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार जयंत गोल मार्केट में स्थित एसके स्टील गोदाम दुकान में शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात अचानक आग लग गई। जहां देखते ही देखते गोदाम आग के ज्वाला में तब्दील हो गई। जब तक आग पर काबू पाने एनसीएल जयंत परियोजना का दमकल पहुंचता तब तक में लाखों रूपयें कीमत के सामग्रियां जल कर नष्ट हो गई। इस संबंध में जयंत पुलिस चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार के अनुसार गोदाम में आगजनी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस स्टाफ एवं दमकल के साथ घटनास्थल पहुंच आग पर काबू पाने का कोशिश किया गया। जहां कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी की घटना से व्यवसायी को लाखों रूपये के नुकसान होने का अनुमान है। प्रथम दृष्टिया में आगजनी का मुख्य कारण बिजली के शॉर्ट सर्किट हो सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर उक्त घटना के बाद एसके स्टील व्यापारी के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिला चिकित्सालय में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस, तंबाकू के सेवन से होने वाले बीमारियों से कराया गया अवगत



**सिंगरौली।** जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न के परिसर में आज दिन शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जहां तंबाकू को जड़ से मिटाने के लिए स्वास्थ्य सेवकों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में आयोजित गोष्ठी में सिविल सर्जन डॉ. देवेन्द्र ने कहा कि तंबाकू के सेवन से फेफड़े, मुहँ, गले, पेट सहित अन्य जगह कैंसर बीमारी होती है। साथ ही दिल की बीमारी, सांस लेने में समस्या उत्पन्न होती है। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों का उपयोग कतई ना करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके बारे में जागरूक करते हुये तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराये। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. अनिल बघेल, गंगा बैस, डॉ. विजय शाह डेंटल एचओडी, डॉ. जूही इक्षसह, डॉ. श्यामदीन, डॉ. रचना, डॉ. स्तुति, डॉ. संतोष,. डॉ हिमांशु, डॉ. शलभ अग्रवाल, मैट्रन उर्मिला जायसवाल, डॉ. रोशन समेत परामर्शदाता मन्नू मिश्रा समेत अन्य स्वास्थ्य सेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी स्वास्थ्य सेवकों ने तंबाकू एवं उससे संबंधित उत्पादो के उपयोग न करने के लिए शपथ दिलाई गई।

# देवसर में आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय जलसा

**सिंगरौली।** हर साल की तरह इस साल भी उर्से खलीकी देवसर में अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया जा रहा है। उर्से खलीकी की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

इस साल 26वां उर्से खलिकी देवसर में संपन्न होगा। उर्से खलीकी 1,2,3 जून को मनाया जाता है। उसके साथ-साथ मदरसे का एनुअल फंक्शन भी होता है। प्रोग्राम कल दिन रविवार से फातिहा शरीफ होगी और 2 जून को नात शरीफ और तकरीर का प्रोग्राम होगा । राष्ट्रीय वक्ता सज्जादानशी हजरत सैयद आदिल रजा कादरी साहब ने बताया कि तीन दिवसीय जलसे को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

# मई माह में एनसीएल से निदेशक सहित 48 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**सिंगरौली।** आज दिन शनिवार को एनसीएल के निदेशक तकनीकी संचालन जितेन्द्र मलिक सहित 6 अधिकारी और 42 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए।

एनसीएल मुख्यालय से जितेन्द्र मलिक निदेशक तकनीकी संचालन विक्टर कुजूर, महाप्रबंधक मानव संसाधन राजेन्द्र प्रसाद, वरीय निजी सहायकय सत्यानन्द गुड़िया, वरीय निजी सहायकय बिरेन्द्र राय सहायक पर्यवेक्षक तथा सुमेश्वर, सहायक फोरमैन सेवानिवृत्त हुए। इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन




किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीएमडी बी साईराम, निदेशक मनीष कुमार निदेशक रजनीश नारायण, निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना सुनील प्रसाद सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी साईराम ने कहा कि जितेन्द्र मलिक एक निर्णयकता, समाधानकर्ता तथा कंपनी की उत्कृष्टता में बहुमूल्य योगदान देने वाले निदेशक रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को संस्था का ध्वजवाहक बताते हुए उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

साईराम ने यह भी कहा कि आज कोल इंडिया में अनेक परिवर्तन हो रहे हैं, जिनके हम सभी साक्षी हैं। अपने उद्बोधन में निदेशक मानव संसाधन, मनीष कुमार ने कहा कि निदेशक तकनीकी संचालन मलिक बड़े ही सौम्य व शांत स्वभाव के अधिकारी हैं। खनन क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों में भी इसका स्पष्ट उदाहरण देखने को मिला है।

# कलेक्टर द्वारा सील कराई गई दुकानों मे ताला तोड़कर कब्जा करने की कोशिश

## प्रशासन ने फिर कराई दुकानें सील, देवसर मुख्यलाय के नौढ़िया पंचायत स्थित आठ दुकानों में चल रहा विवाद, मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन

**सिंगरौली।** देवसर मुख्यलाय के नौढ़िया पंचायत में निर्मित विवादित दुकानों में एक बार फिर से कब्जा करने की कोशिश की गई। पूर्व में कलेक्टर सिंगरौली ने सभी दुकानों को सील कराया था, लेकिन बताते हैं कि शुक्रवार को तीन लोग फिर से सील की गई। दुकानों का ताला तोड़कर कब्जा कर रहे थे, तभी प्रशासन ने पुनः दुकानें सील कराई। बताते हैं कि इन दुकानों का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, अब न्यायालय ने क्या डिसीजन दिया है इस पर कोई स्पष्ट जानकारी सीईओ जनपद पंचायत देवसर संजीव तिवारी नहीं दे पा रहे हैं। फिलहाल जिस तरह से दुकानें फिर से सील कराई गई, ऐसे में यह तो स्पष्ट हो रहा है कि निश्चित रूप से दुकानों का आवंटन और हैंड ओवर संबंधित कोई भी निर्णय अभी तक कब्जा कर रहे लोगों के पक्ष में नहीं हुआ है, ऐसी स्थिति में कब्जा कर रहे लोगों ने सील की हुई दुकानों का ताला तोड़कर न्यायालय की अवहेलना की है बताया जाता है कि सभी दुकानों में विवाद चल रहा है। विवाद की वजह यह बताई जा रही है कि जिस जमीन में दुकान निर्मित हैं, वह जमीन पंचायत की नहीं है, बल्कि निजी भूमि है। अब कहा जा रहा है कि पंचायत ने दूसरे की निजी भूमि में दुकानें बनाकर लोगों को आवंटित कर दिया इसी वजह से विवाद निर्मित हुआ।

बताया जाता है कि इन सभी विवादित दुकानों का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है तथा जिनके नाम दुकान आवंटित हैं उनके पक्ष में अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। इसके बाद भी शुक्रवार को तीन लोगों ने दुकानों का ताला तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया गया। बताया जाता है कि पूर्व मे कुछ लोग इन दुकानों में कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे, तभी प्रशासन ने सभी दुकानों को सील कराई थी। तत्कालीन तहसीलदार स्वयं पहुंचकर सील करवाए थें तब से दुकानें बंद थी, लेकिन शुक्रवार को तीन दुकानों का ताला तोड़कर फिर से कब्जा करने का प्रयास किया गया। हालांकि प्रशासन ने फिर से उन्हें रोका और दुकानें सील कर दी गई है। बताते हैं कि राजकुमार गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता तथा सुधीर कुमार पाठक यही तीनों लोग दुकानों में कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे।

# दिशिता महिला मंडल ने प्रमाण पत्र का किया वितरण

**सिंगरौली।** इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में दिशिता महिला मंडल रेनूसागर सीएसआर के प्रति सतत् प्रयत्नशील रहा है। इसी श्रृंखला में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं व बालिकाओं को सम्मानित कर सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का प्रदान किया गया।




इस अवसर पर इन्दू सिंह ने कहा अधिकांश महिलाएं व बालिकाएं निकटवर्ती क्षेत्र से है। जीवन में परिवारिक दायित्वों के साथ कुछ न कुछ करना चाहती है। ऐसे में दिशिता महिला मंडल रेनूसागर सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से अपने हुनर को निखारने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत छः माह प्रशिक्षण देने के उपरान्त सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षिका अनीता प्रजापति ने छः माह प्रशिक्षण की पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं एवं महिलाओं ने कहा कि महिला मंडल के इस नेक कार्य से हम लोग अपने आप को आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने परिवार तथा बच्चों के प्रति आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक भूमिका अदा कर सकेंगे।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने 9 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में 31 मई को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 9 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में त्रिलोक सिंह महाप्रबंधक आरएलए, नारायण मिश्रा उप महाप्रबंधक, फरजन्द हुसैन उप प्रबन्धक, आत्माराम पटेल अभियंता, विजय केरकेट्टा, आटो ब्रुनो मिंज, रमेश, राजेश कुमार शर्मा, अधिकारी-एसएलपीएस रसायन एवं सूरज लाल साहू प्रचालक ईएमजी में शामिल हैं। एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा नें भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने के लिए शुभकामनायें दी तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी में विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दी तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया।

## वीबा क्लब एनटीपीसी में तम्बाकू निषेध दिवस पर बच्चों को दिलाई गई शपथ

**सिंगरौली।** आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विवा क्लब विंध्यनगर के समर कैम्प में बच्चों से नशा मुक्ति के बारे में बात की तथा शपथ दिलाई और टी-शर्ट भी वितरित की विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और अपने-अपने अभिभावकों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यौंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)**

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू0क0 02/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/25-26 सीधी दिनांक 27.05.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.06.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 13.06.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- **Providing a complete utility vehicle for handpump maintanance (per thousand number of handpump) विकासखण्ड मझौली के ग्रामों में स्थापित निम्नानुसार स्थापित हैण्डपम्पों का संधारण कार्य की निविदा ।**

| S. N. | Tender ID | Block and HP No | Mo of Hand Pump | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_426997_1 | मझौली ग्रुप-बी | 1300 | 13.91 | 27820 | 2000 | III Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )

जी-13636/25



**कार्यालय नगर परिषद् सिरमौर जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 803 /भंडार/निविदा आमंत्रण/2024 सिरमौर, दिनांक . 28.05.2025

**ई-निविदा आमंत्रण**

समस्त पंजीकृत फर्म/अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 हेतु नीचे कॉलम मे वर्णित सामग्रियों की दरों की आवश्यकता ई-टेण्डरिंग के माध्यम से है, इच्छुक सप्लायर वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (पृथक-पृथक) दिनांक को सायं 5.30 बजे तक प्राप्त कर सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है, विवरण निम्नानुसार है :-

| टेंडर क्र. | नाम सामग्री विवरण | अमानत राशि | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_427787_1 | हैण्डपम्प सामग्री | 5000 | 5 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |
| 2025_UAD_427788_1 | मोटर मरम्मत | 5000 | 5 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |
| 2025_UAD_427789_1 | स्टेशनरी सामग्री | 5000 | 5 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |
| 2025_UAD_427790_1 | टेंट सामग्री | 5000 | 5 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |
| 2025_UAD_427791_1 | सफाई सामग्री | 5000 | 5 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |
| 2025_UAD_427792_1 | जलप्रदाय सामग्री | 10000 | 10 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |
| 2025_UAD_427793_1 | निर्माण सामग्री | 5000 | 5 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |
| 2025_UAD_427794_1 | विद्युत सामग्री | 15000 | 15 लाख | 2000 | 30.05.2025 से 14.06.2025 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्री संदीप कुमार सिंह
अध्यक्ष
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा म.प्र.

श्री संतोष कुमार सिंह
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा म.प्र.

# हनुमानगढ़ में विकसित कृषि संकल्प यात्रा में सांसद ने की सहभागिता

## सांसद ने जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया

**सीधी।** किसानों को कृषि की नवीन तकनीकी से अवगत कराने तथा कृषि के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के प्रचार प्रसार के उद्देश्य के साथ जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के रामपुर नैकिन विकासखंड के हनुमानगढ़ में आयोजित शिविर में सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा सहभागिता की गई। सांसद डॉ मिश्रा ने कृषि में उन्नत तकनीक को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही जैविक तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सांसद ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में अधिक से अधिक किसानों से भाग लेने की अपील की तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया।



सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से देश के कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह अभियान निश्चित तौर पर किसानों के लिए वरदान साबित होगा। किसान भाई इसका लाभ आगे बढ़कर लें। सीधी जिला की आजीविका मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है। इस अभियान का लाभ लेकर किसान भाई अपने उत्पादन को बढ़ा सकते हैं तथा लागत को घटाकर अपनी आय को दुगुनी कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा कृषकों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें। स्थानीय कृषि-जलवायु, मृदा की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की स्थिति, बीज चयन, उर्वरक उपयोग और कीट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किसानों को वैज्ञानिक सलाह दें तथा किसानों की समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करें।

उप संचालक कृषि संजय श्रीवास्तव द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्देश्यों एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, ड्रोन का महत्व पर तथा प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने कृषकों को नवीन तकनीक नवाचार एवं उन्नत खेती के बारे में विस्तार से बताया। प्रगतिशील कृषक डॉ विपिन शुक्ला ने कृषि में नवीन तकनीकी को अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांव के कृषकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती प्रभा तिवारी, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, श्री बुद्धसेन साहू, श्री भानू पाण्डेय, श्री नारायण तिवारी, प्रगतिशील कृषक डॉ.विपिन शुक्ला एवं अन्य जन प्रतिनिधिगण के साथ वैज्ञानिक डॉ. ए श्रीवास्तव, डॉ अमृता तिवारी, सहायक संचालक उद्यान श्री मंगल सिंह, सहायक संचालक मत्स्य श्री दीपक शुक्ला, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री कौल एवं सहयोगी विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित थे।

# खड्डी अंचल के महीनों से खराब हैंडपंपों का नहीं हो रहा सुधार

**सेमरिया।** चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों समूचे जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से तमाम तरह की परेशानियां सामने आ रही हैं। इसी बीच जिले के चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खड्डी अंचलों में लगे हैंडपंपों के खराब होने के कारण यहां के रहवासियों की समस्या और बढ़ गई है, खड्डी अंचल के कई ऐसे गांव हैं, जहां के हैंडपंप खराब पड़े हैं और शिकायत के बावजूद इनमें सुधार नहीं किया जा रहा है। हालांकि पीएचई विभाग का दावा है, कि शिकायत मिलते ही हैंडपंपों में सुधार कराया जा रहा है, अधिकारियों से शिकायत पर भी सुनवाई नहीं हुई। खड्डी अंचल के युवा समाजसेवी विनय पाण्डेय, अंकुश मोहनी ने बताया कि ग्राम चकडौर में आदिवासी बस्ती लक्ष्मण सिंह मास्टर के घर के पास का हैंडपंप एक माह से खराब पड़ा हैं। सतोहरी चढ़ाई के पास एवं ग्राम रिमारी में साहू बस्ती एवं कालिका माता मंदिर, ग्राम मोहनी में केवट बस्ती पर महेश केवट के घर के पास के हैंडपंपों के सुधार हेतु पीएचई अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक हैंडपंपों में सुधार नहीं हो सका है। श्री पाण्डेय ने कहा कि खड्डी अंचल के ग्रामीण हैंडपंप खराब होने के कारण जलसंकट से जूझ रहे हैं।

# सीटू स्थापना दिवस पर मझिगवां में फहराया गया झंडा

**सीधी।** सीटू संगठन की स्थापना दिवस पर श्रमिक कार्यालय मझिगवां में झंडा फहराया गया। इस दौरान अध्यक्ष तेजप्रताप दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सीटू संगठन की स्थापना 30 मई 1970 को हुई थी। हमारे देश में मजदूरों के बहुत से संगठन बने होने के बावजूद जब 1970 में सीटू की स्थापना की गई तो बहुत से लोगों द्वारा सीटू के संस्थापक नेताओं का विरोध भी किया गया था। यह कहते हुए कि बहुत सारे संगठनों के बावजूद नये संगठन खडे होने से मजदूरों की ताकत कमजोर होगी। आज देश के पैमाने पर सीटू संगठन ने साबित कर दिखाया कि मजदूरों की समस्याओं को सबसे ज्यादा उठाने एवं उनके लिए लडने वाला अगर कोई संगठन साबित हुआ है तो वह संगठन सीटू ही है। इकाई के अध्यक्ष तेज प्रताप दुबे ने कहा कि सीटू संगठन की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी। हमें बताते हुए खुशी है कि उनको पूरा किया है। आने वाला समय मजदूर, किसान, कर्मचारी के लिए बहुत ही खतरनाक साबित होने वाला है। पूंजीवादी सरकारें अपने पूंजीपति आकाओं को खुश करने के लिए एक बार फिर



मेहनतकश अवाम को गुलामी की ओर धकेलने का प्रयास कर रही हैं। किसान को अपनी उपज का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। मजदूर कर्मचारियों द्वारा लडकर जो अधिकार हासिल किये थे वर्तमान सरकारें उनको खत्म कर काम के आठ घंटे को बारह घंटे करने के लिए प्रयासरत है। सीटू का मूल मंत्र है ऐकता कायम कर संघर्ष करना ओर सफलता प्राप्त करना। यही एकमात्र रास्ता है, गुलामी से बचने एवं जिंदा रहने के लिए के लिए ही 9 जुलाई 2025 को आम हड़ताल की जा रही है जिसे हम सभी को मिलकर सफल करने की लड़ाई लडनी है लड़ेंगे तो जीतेंगे जरूर। ध्वजारोहण के दौरान अरविंद सिंह बघेल, संजीव कुमार मिश्रा, विक्रम सिंह, दीप नारायण तिवारी, विभूतिभूषण शर्मा, बापू नाथ योगी, विनय त्रिपाठी, सत्येंद्र सिंह, रूद्र प्रसाद शुक्ला, संपत, नीलकंठ तिवारी, ज्ञानेंद्र सिंह, बृजेश सिंह सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारी एवं आम सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ. अशोक कुमार दुबे को डॉक्टर इन कम्यूनिटी ऑफ्थैल्मोलाजी की उपाधि

**सीधी।** आई केयर यूनिट सीधी के संचालक डॉ. अशोक कुमार दुबे को एस.डब्ल्यू.ए. विश्वविद्यालय के जी.ए.सी. अवार्ड सेरीमनी 2025 में 25 मई को नई दिल्ली में डॉ. इन कम्यूनिटी ऑफ्थैल्मोलाजी उपाधि प्रदान की गई है।

# प्रधानमंत्री ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

**भोपाल/सीधी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शनी



के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही देवी अहिल्या बाई पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी यहां प्रदर्शित हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा-हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदर्शनी में प्रदेश में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, धार्मिक लोकों के विकास, सहित राज्य की अन्य विकासोन्मुखी नवाचारों का भी अवलोकन किया।

# नरेंद्र सिंह की माता का निधन

**सीधी।** साईं ज्योति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पनवार सीधी की उपाध्यक्ष एवं नरेंद्र सिंह की पूज्यनीय माता श्रीमती तारा सिंह का दिनांक 27 मई 2025 दिन - मंगलवार को अचानक दुखद निधन हो गया है। माता जी का अकेले हम सब को छोड़ कर चले जाना बहुत ही दुख भरा एवं कष्ट प्रद है जिसकी कसक दिल में दफन है ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे। शोकाकुल- पति माधवेंद्र सिंह, पुत्र नरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, ममता सिंह, रानू सिंह, प्रकाश सिंह, रेशमा सिंह, सुधांशु सिंह, हिमांशु सिंह, गंगा सिंह, रमेश सिंह, गजेंद्र सिंह, करुणा सिंह, प्रतिभा सिंह, प्रभा सिंह, सचिव सिंह, सुनील सिंह, कल्पना सिंह, प्रीति सिंह, प्रिंस सिंह, विनीत सिंह एवं समस्त बघेल परिवार।

# प्रधानमंत्री मोदी के भोपाल आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत

**भोपाल/सीधी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी शनिवार प्रात: 10.40 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री श्री मोदी, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर जंबूरी मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। स्वागत के समय विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह



तोमर, खेल एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक श्री गोपाल भार्गव, विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, डीजीपी श्री कैलाश मकवाना, एसीएस श्री संजय दुबे, संभाग आयुक्त भोपाल श्री संजीव सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत फसल बीमा योजना के महत्व के विषय मे किया गया जागरूक

**सीधी।** विकसित कृषि संकल्प अभियान में तीसरे दिन जिले में गठित पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड के हनुमानगढ़, पोड़ी, नौगवां, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड के हटवाखास, हटवादेवार्थ, घोघरा तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड के कुसमी, मगवार एवं कोड़ार में अभियान का संचालन किया गया। हनुमानगढ़ में सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने अभियान के तहत आयोजित कृषक संगोष्ठी में भाग लिया, जहां उन्होंने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन में कृषि विभाग के अधिकारियों को मिट्टी परीक्षण, फसल बीमा जागरूकता कैंप और किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि मिट्टी का स्वास्थ्य और फसल बीमा किसानों की समृद्धि का आधार है। उन्होंने हनुमानगढ़ को केंद्र बनाकर नियमित रूप से कृषि तकनीकी प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर जोर दिया। शिविर में वैज्ञानिको द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के महत्व पर जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। फसल बीमा योजना खरीफ फसलों के लिए 2 प्रतिशत और रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ प्राकृतिक आपदाओं, कीटों और अन्य जोखिमों से होने वाले नुकसान की वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। वहीं, प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों जैसे अनियमित बारिश, तापमान में उतार-चढ़ाव और आर्द्रता से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई करती है। वैज्ञानिक ग्राम चौपालों और फसल बीमा पाठशालाओं के माध्यम से किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया, दावा प्रक्रिया और गैर-ऋणी किसानों के लिए विशेष प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वे मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग, जलवायु अनुकूल फसल किस्मों और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। यह अभियान किसानों के पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ जोड़कर कृषि में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अभियान को किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया है।

# विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर महाविद्यालय मड़वास में कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** प्रतिवर्ष 31 मई को पूरी दुनिया मे तम्बाखू व तम्बाखू के उत्पाद के दुष्पपरिणामो के बारे में आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से ''विश्व तम्बाखू निषेध दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी.अ प्रजापति ने तम्बाखू से होने वाले विभिन्न रोगों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में तम्बाखू खाना सीधी जिले की एक परंपरा बन गई थी जिसे रोकने के लिए शिक्षित होना प्रभावशील दिखाई दे रहा है। आशा ही नही विश्वास है कि एक दिन सीधी जिला तम्बाखू मुक्त होगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. दीपक अग्निहोत्री, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ. निशा सिंह, डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा, डॉ. ज्योति रजक, डॉ. सुरेंद्र गुप्ता प्रो.प्रवीण कुमार, प्रो.बाबा हरिनन्द श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्रा उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस



**सीधी।** संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में शनिवार दिनांक 31 मई 2025 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस' के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पी.के.सिंह के निर्देशन में किया गया। इस वर्ष की थीम तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से युवाओं की रक्षा के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समुदाय को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और तंबाकू मुक्त समाज की स्थापना को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र -छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। तंबाकू के खिलाफ जागरूकता और इसके उपयोग को रोकना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। संजय गांधी महाविद्यालय तंबाकू मुक्त परिसर को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों से यह अपील करता हूँ कि तंबाकू के उपयोग के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाएँ और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएँ। यह आयोजन तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. अनिल सिंह विभागाध्यक्ष अंग्रेजी एवं आर. बी. एस. चौहान विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र के द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों, विशेष रूप से युवाओं पर इसके नकारात्मक प्रभाव और तंबाकू उद्योग की भ्रामक रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही तंबाकू से होने वाली बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग, और फेफड़ों की समस्याओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# साहित्य संस्कृति तथा लोक कला के उत्थान हेतु सोमालोब साधनारत : विश्वामित्र

## सोमालोब का पुस्तक विमोचन समारोह संपन्न

**सीधी।** बघेली लोककलाओं यथा लोकगीत, लोकनाट्य, लोकनृत्य एवं संस्कृति और साहित्य के उन्नयन हेतु सोंधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच सीधी अनवरत साधनारत है। सोमालोब साहित्यिक मंच लोक-संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संकल्पित है। उक्त आशय का अध्यक्षीय उद्बोधन सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक जी ने 30 मई 2025 को सोमालोब के तत्वावधान एवं डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस के मार्गदर्शन में आयोजित श्री रमाकांत द्विवेदी %सावन% के पुस्तक %देखा बोलि देब हम% के विमोचन समारोह में दिया। सावन जी की काव्यकृति का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य अयोध्याधाम ने कहा कि बघेली बोली की यह पुस्तक बघेलखण्ड के लिए एक धरोहर है। साथ ही उन्होंने साहित्यकारों एवं कवियों को संस्कृति के प्रहरी की संज्ञा दी। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए सोमालोब के संस्थापक



अध्यक्ष डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस ने पुस्तक के शीर्षक को कालजयी कहते हुए बताया कि कैसे शीर्षक अपने आप में एक संदेश है। तदोपरांत कृतिकार रमाकांत द्विवेदी सावन ने विमोचित कृति से काव्यपाठ किया जो श्रोताओं द्वारा सराहा गया। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. महेश शुक्ला प्राध्यापक टीआरएस कॉलेज रीवा ने काव्यकृति में समाजिक विद्रूपताओं पर तीखे व्यंग्यों पर प्रकाश डाला साथ ही अपने वक्तव्य में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक शुक्ला ने कृतिकार को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता आशुतोष द्विवेदी ने अपने विचार रखे और कृति से ही गीत पढ़ा एवं अंजनी सिंह सौरभ ने भी अपने गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। मंच पर विशेष अतिथि के रूप में विद्यापति द्विवेदी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय है। प्रारंभ में प्राचार्य राजकुमार के निर्देशन में सरस्वती उ मा वि मडरिया की छात्राओं कु. अनुष्का, आशिका एवं किरण द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह में कवि डॉ प्रदीप द्विवेदी, कमलेश कुमार कायल, हरिविलास गुप्त हरि, सतीश पाण्डेय शलभ, रोहित पाण्डेय, आचार्य ब्रजमोहन ब्रजेश, अरुणेंद्र सिंह, राजबहोर पाठक मनोज, डॉ सुरेश गौतम, शंभुदयाल विश्वकर्मा दयाल, कवि अनपढ़, कुंजल साकेत कुंज आदि ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर डॉ लहरी सिंह, मुकुटधारी सिंह, कमलापति गौतम कमल, मनोज तिवारी प्राचार्य, एल.के. शर्मा पूर्व बीइओ, कामदा गौतम प्राचार्य अमिलिया, शिवकुमार गुप्त प्राचार्य कुचवाही, अंबिका पनिका प्राचार्य मड़वा, राजेंद्र बहादुर सिंह, यदुनाथ सिंह एडवोकेट, उमापति सिंह गहरवार, डॉ संजीव त्रिपाठी, जे.पी. मिश्रा से. नि प्राचार्य, गिरिजा तिवारी, सतीश पाण्डेय शिक्षक संघ अध्यक्ष, कैलाश प्रसाद पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, सुरसरि तिवारी, मनीष मिश्रा, विनीता मिश्रा (के.वि), आशीष द्विवेदी, सुमित शुक्ला, नितिन द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी, आनंद पाण्डेय, हर्ष मिश्रा, मयंक द्विवेदी सहित शहर के अन्य कई गणमान्य नागरिक, पत्रकार, साहित्यकार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# तेज रफ्तार में ट्रक की चपेट में आया मिनी ट्रक और ऑटो

## शहर के बाईपास में सुबह हुआ भीषण सड़क हादसा

**सीधी।** शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बाईपास में आज सुबह करीब 5-30 बजे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक की चपेट में मिनी ट्रक एवं ऑटो रिक्शा के आने से दोनो वाहनों के चालकों की मौत हो गई। हादसे के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर ही पलट गया था। बाद में पुलिस द्वारा क्रेन बुलाकर ट्रक को हटाते हुए ऑटो में फंसे ड्राइवर को बाहर लहूलुहान हालत में निकाला गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर घटना स्थल से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जमोड़ी पुलिस को मौके पर ही मिनी ट्रक ड्राइवर अभिषेक अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी रायसेन मध्य प्रदेश मृत मिला। वहीं गंभीर रूप से घायल ऑटो ड्राइवर बिजेन्द्र वर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम महसुआ, थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने ऑटो ड्रायवर को भी मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय ट्रक क्रमांक यूपी 64 बीटी 8469 का चालक काफी तेज रफ्तार से जा रहा था। वहीं बाईपास में एकता फर्नीचर के समीप सामने से आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 09 जीएफ 2447 तथा ऑटो क्रमांक एमपी 17 जेडएम 1311 को ट्रक द्वारा ठोकर मार दिया गया। काफी तेज रफ्तार में हादसा होने के कारण तीनो वाहन घटनास्थल में पलट गए। मिनी ट्रक चालक अभिषेक अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं रीवा की ओर से पात गोभी लोड कर सीधी थोक सब्जी मंडी जा रहा ऑटो चालक बिजेन्द्र वर्मा भी गंभीर रूप से चोंटिल हो गया। जिला अस्पताल पहुंचाने पर उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जमोड़ी थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्रायवर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0/2025 धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस द्वारा दोनो शवों का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की मर्ग विवेचना भी पुलिस द्वारा की जा रही है।

## संपादकीय

### कर्ज, महंगाई और टूटते सपने

भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार जहां एक ओर पूरी दुनिया को अचंभित करती है, वहीं एक कड़वा सच यह भी है कि करोड़ों परिवार आज भी बहुत मुश्किल से अपना घर चला पा रहे हैं। इनमें से अनेक लोगों को विश्वास है कि वे कर्ज लेकर व्यापार करेंगे, तो अधिक पैसे कमाएंगे और बेहतर भविष्य बनाएंगे।दूसरी ओर, कुछ को लगता है कि भविष्य के बारे में ज्यादा सोचने के बजाय उन्हें वर्तमान में जी लेना चाहिए। मगर स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च बढ़ने से उनकी चुनौतियां भी लगातार बढ़ रही हैं। महंगाई और घटती आय की वजह से उनमें निराशा है। उनकी उम्मीदें टूटी हैं। चिंता का विषय है कि बैंकों का बकाया न चुकाने के कारण कई परिवार कर्ज में इस तरह डूब जाते हैं, जहां से निकलना उनके लिए संभव नहीं होता। कुछ लोग आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा लेते हैं।हरियाणा के पंचकूला में एक ही परिवार के सात लोगों की खुदकुशी ऐसा ही मामला है। सच्चाई यही सामने आई है कि इस परिवार पर बैंक का बहुत सारा पैसा बकाया था, जिसे चुकाना उसके लिए मुश्किल हो गया था। कर्ज में डूबा परिवार रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहा था।अगर देश के नागरिक घर और वाहन खरीदने के लिए कर्ज ले रहे हैं, तो निश्चित रूप से इसके पीछे बेहतर रोजगार और अच्छी आय की संभावनाएं छिपी हैं। मगर कारोबार के लिए लिया गया कर्ज कोई नहीं चुका पा रहा है, तो इस पर सोचने की जरूरत है कि विकास की तेज रफ्तार के बीच उनका कारोबार क्यों पिछड़ रहा है। अगर व्यापारी कर्ज लेकर भी लागत नहीं निकाल पा रहे हैं, तो इसके पीछे के कारणों को समझने और उनका हल निकालने की जरूरत है। इसके लिए नीति निर्माताओं को ही आगे आना होगा।यह सच भी छिपा नहीं है कि कर्ज में डूबे हजारों किसान खुदकुशी कर चुके हैं। फसलों की लागत न निकल पाने से उनमें भारी निराशा है। छोटे कारोबारियों की स्थिति भी कोई अच्छी नहीं है। जरूरत है कि बेहतर जिंदगी जीने की करोड़ों लोगों की उम्मीदें और सपने बचाने के लिए अब ठोस और सार्थक कदम उठाए जाएं।

# मां अहिल्या से लाड़ली बहनों तक... मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण की स्वर्णिम परंपरा

**भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरा पर यदि कोई शहर मां अहिल्या बाई होलकर जी की करुणा, नीति एवं लोक कल्याण की प्रेरणा से ओतप्रोत है, तो वह है अपना इंदौर। यह वही पावन भूमि है, जहां मां अहिल्या ने धर्म, न्याय तथा सेवा का ऐसा स्वर्णिम अध्याय रचा, जो आज भी शासन, प्रशासन और समाज के लिए पथप्रदर्शक है।**

● कैलाश विजयवर्गीय

31 मई 2025 को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से मेट्रो ट्रेन की शुरुआत इंदौर की आत्मा को आधुनिकता के साथ जोड़ने की संकल्पना है।

यह कितना सुंदर संयोग है कि इसी दिन रानी कमलापति की नगरी भोपाल के जंबूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन% का आयोजन भी हो रहा है, जिसे प्रधानमंत्री जी स्वयं संबोधित करेंगे। वहीं इस ऐतिहासिक अवसर पर मां शारदा की पावन भूमि सतना तथा मां पीताम्बरा की धरा दतिया को हवाई अड्डे की सौगात मिलेगी। यह सभी कार्यक्रम एक ही धागे से बंधे हैं...यानी विकास और विश्वास, गति और गौरव, परिवहन और परिवर्तन।

**– इंदौर में टेम्पो से लेकर अब मेट्रो तक की विकास यात्रा अद्भुत**

इंदौर की विकास यात्रा टेम्पो से लेकर आज मेट्रो ट्रेन तक आ पहुंची है। सब कुछ कितनी तेजी से गुजर गया और अपना इंदौर अब मेट्रो शहर बन गया। शहर में मेट्रो की शुरुआत एक सुगम परिवहन सुविधा के साथ संपूर्ण जीवनशैली का परिवर्तन है। यह परियोजना इंदौर की स्वच्छता, अनुशासन और नवाचार की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मेट्रो का प्रथम चरण यातायात की सुगमता, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह परियोजना मध्यप्रदेश को %स्मार्ट स्टेट% बनाने की दिशा में भी सशक्त कदम है।

जैसा कि कहा गया है... शास्त्रेषु नगरस्य लक्ष्मणानि सप्त- स्वच्छता, जल व्यवस्था, परिवहन, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण, सुरक्षा योजना एवं सांस्कृतिक चेतना।

इंदौर मेट्रो इस सप्तम स्तंभ को और सशक्त करेगी। इंदौरवासियों की आकांक्षाओं को पंख देगी। यह न्यू अर्बन इंडिया की जीवंत मिसाल है, जो स्वच्छता के सिरमौर इंदौर को वैश्विक नगरीय गौरव के शिखर पर स्थापित करेगी।

## विरासत भी, विकास भी, टेम्पो से मेट्रो पर आया अपना इंदौर

**नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री**

हमारी डबल इंजन की सरकार में महिला सशक्तिकरण केवल नीतियों का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है। मां अहिल्या बाई होलकर इसकी प्रतीक हैं। उन्होंने राजसिंहासन पर बैठकर धर्म, न्याय तथा लोककल्याण की ऐसी मिसाल कायम की, जो आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा निर्मित सैकड़ों घाट, समाज के वंचित वर्गों के लिए अन्न क्षेत्र और खुले दरबार न केवल उनके शासन को %सुराज्य% बनाते थे, बल्कि यह भी दर्शाते कि नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री है।

मां अहिल्या का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अनमोल निधि है। उनके कालजयी विचार हर युग में बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय का संदेश देते हैं। आज हमारी सरकार इसी ध्येय के साथ जनकल्याण के पथ पर अग्रसर है।

प्रदेश में लागू लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रम उसी परंपरा का आधुनिक स्वरूप हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में शहरी क्षेत्र की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दीनदयाल जन आजीविका योजना संचालित की जा रही है।

**जैसा कि संस्कृत में कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता**

जहां नारी का सम्मान होता है, वहां समृद्धि और शांति का वास होता है। यह हमारी नीति और दृष्टि का मूलमंत्र है। संपूर्ण विश्व ने बहनों के सिंदूर की ताकत अभी हाल ही में देखी है। अब भोपाल में आयोजित होने जा रहा महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन भारत की मातृशक्ति को नमन और उनके सामर्थ्य को सशक्त करने का महायज्ञ है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लागू की गई उज्ज्वला योजना, जनधन खाता, मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों ने करोड़ों बेटियों, बहनों के जीवन को नई दिशा दी है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। यह मां अहिल्या के आदर्शों, न्याय, करुणा एवं शक्ति के संतुलन का साकार रूप है।

**– इंदौर में स्वच्छता, संस्कृति और सशक्तिकरण का संगम**

मैंने राजनीति में जो सीखा, वह मां अहिल्या की भूमि से सीखा। एक सार्वजनिक सेवक के रूप में, जब विकास की बात आती है तो मेरे मन में केवल एक ही ध्येय होता है...हमारा देश, हमारा प्रदेश, हमारी संस्कृति और हमारा गौरव। मुझे संतोष है कि अपना इंदौर आज सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ नारी शक्ति का प्रतीक है। इसी क्रम में हमने तय किया है कि इंदौर मेट्रो के पहले स्टेशन का नामकरण मां अहिल्या बाई के नाम पर किया जाएगा। अब जब 31 मई को इंदौर मेट्रो की पहली ट्रेन दौड़ेगी और भोपाल में लाखों बहनें प्रधानमंत्री जी के प्रेरक विचारों को सुनेंगी, तब यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के नवयुग का शंखनाद होगा। यह मां अहिल्या के आदर्शों को आधुनिकता के साथ जोड़ने का संकल्प होगा। मैं इंदौर और मध्यप्रदेश की जनता को इस ऐतिहासिक अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हम मध्यप्रदेश की धरा को विकास और सम्मान के नए शिखर पर ले जा रहे हैं।

*लेखक मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री हैं।*

# जनसंचार का सशक्त माध्यम है हिन्दी पत्रकारिता

(योगेश कुमार गोयल )

प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है।

पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका के बारे में कहा था कि प्रेस पर लोकतांत्रिक परम्पराओं की रक्षा करने और शांति व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अखण्डता के संदर्भ में पत्रकारिता की भूमिका की बात करें तो लोकतंत्र के अन्य स्तंभों के मुकाबले प्रेस की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्वभर में भारत की प्रतिष्ठा के जो तीन प्रमुख कारण माने गए हैं, वे हैं जागरूक मतदाता, स्वतंत्र न्यायपालिका व स्वतंत्र प्रेस। भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए ही कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने का अथवा उसे जागृत करने के लिए जन संचार का सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है।

प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, ''प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं व विचारों को समझना और उन्हें सही ढ़ंग से व्यक्त करना है जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।'' वैसे भारत-पाक युद्ध का उल्लेख करें अथवा भारत-चीन लड़ाई का या अन्य चुनौतीपूर्ण अवसरों का, प्रेस ने ऐसे हर अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत न होगा कि हिन्दी पत्रकारिता का स्थान इसमें सर्वोपरि रहा है। चाहे हिन्दी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिन्दी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, उनका देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 199 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रूचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है।




हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थी लेकिन चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया। 4 दिसम्बर 1826 से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। 'उदन्त मार्तण्ड' के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किन्तु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं। बहरहाल, घर बैठे-बैठे दुनिया की सैर कराने की बात हो या देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की, व्यवसायीकरण के आरोपों या तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता यह काम बखूबी कर रही है और आमजन के भरोसे पर खरा उतरते हुए हिन्दी पत्रकारिता आज आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फैंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता।

## वर्ग पहेली 5748




**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 4 जुलाई 1898 को भारत के पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने जन्म लिया था (8)
6. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
7. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
9. आगमन होना, एक प्राचीन सिक्का (2)
10. मेरा या मेरी (2)
12. जलती हुई वस्तु को ठंडा करना, पहेली हल करना (3)
14. लालू यादव की राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
15. एक प्रशंसा सूचक शब्द (2)
16. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
18. व्यक्ति कीभावी गतिविधि आदि के लक्षण, निशान, शत्रु को घेरकर किया जाने वाला हमला, मेघमाला (3)
19. आसान, सुगम, सरल (3)
20. ठंडी और मृदुल हवा, मृदुल समीर, दिलीप कुमार की अभिनेत्री सास जिनका जन्म 4 जुलाई 1916 को हुआ था (3)

**ऊपर से नीचे(2)**

1. फलों के समान रंग वाला, अत्यंत सुंदर (4)
2. येन मुद्रा इस देश में प्रचलित है (3)
3. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (सिर्फ नाम)(2)
4. झगड़ा कराके सुलह कराना (6)
5. दायक, देने वाला (2)
6. जो राह भटक गया हो, पथभ्रष्ट, भटका हुआ (उर्दू) (4)
11. पाठशाला, विद्यालय (उर्दू)(4)
13. वृथा, व्यर्थ, बेमतलब (3)
15. लौटा हुआ, केश हुआ (3)
17. फारस (आधुनिक ईरान) देश से संबंध रखने वाला या इस देश का निवासी (3)
18. वर्तमान दिन, जो दिन बीत रहा है, इस दिन (2)

**वर्ग पहेली 5747 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फे | स | बु | क | | फ | री | द |
| फ | ल | क | | म | ल | मा | स |
| ड़ा | | से | ह | त | | ला | |
| | जे | ल | | ग | | गू | दा |
| ज | | र | म | ण | | | म |
| य | म | | त | ना | व | | न |
| दे | हा | त | | | क | ल | गी |
| व | न | ज | | रे | | ता | र |

# जिन बातों को भूल नहीं पा रहे, क्या मालूम वही तुम्हें रोक रही हों

(सुंदर चंद ठाकुर)

हर इंसान के भीतर कोई न कोई बात दबी होती है ङ्क कोई घटना, कोई चोट, कोई अपमान, कोई अनकहा संवाद, कोई अधूरा रिश्ता या कोई सपना जो कभी पूरा नहीं हो सका। ये वे बातें होती हैं जो बीत जाती हैं, पर पूरी तरह जाती नहीं। वे हमारी यादों की गहराइयों में, हमारी संवेदनाओं के तहखानों में, हमारी रोज़मर्रा की सोच के बीच रह जाती हैं । चुपचाप, लेकिन सजीव। और हम अक्सर सोचते हैं कि वे बीती बातें हैं, उनका आज से क्या लेना-देना। पर शायद हम यह नहीं समझ पाते कि जो बातें हम भूल नहीं पाए, वे ही चुपचाप हमें आगे बढ़ने से रोक रही होती हैं। हम जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं। नए अनुभव, नए रिश्ते, नई शुरुआतें सब कुछ आकर्षित करता है। पर जब हम किसी नए क्षण में पूरी तरह उपस्थित नहीं हो पाते, जब कोई सफलता भीतर से उतना उत्साह नहीं दे पाती, जब हर नई चीज़ में कोई पुराना डर, कोई छाया बनी रहती है । तब समझ लेना चाहिए कि कुछ अधूरा हमारे भीतर अब भी जीवित है। कभी-कभी यह एक वाक्य होता है जो किसी ने सालों पहले कहा था -'तुमसे नहीं होगा', 'तुम बहुत बदल गए हो', 'तुमने मुझे बहुत चोट दी थी', 'तुम्हारा कभी भला नहीं होगा' और वह वाक्य हमारे भीतर बैठा रह जाता है। क्योंकि वह किसी ऐसे व्यक्ति ने कहा होता है, जिसे आपने अपना माना था। वह वाक्य हमारे आत्मविश्वास कीरतों के बीच जगह बना लेता है। अब चाहे हम कितनी भी मेहनत कर लें, वो आवाज़ बीच-बीच में कानों में फुसफुसा जाती है ,और हम हिचक जाते हैं। कभी वह किसी अपने का अचानक चला जाना होता है, जिसकी अधूरी विदाई ने मन के किसी कोने को ठंडा छोड़ दिया था। और अब कोई भी विदाई हमें थामने नहीं देती,हम हमेशा भीतर कुछ खो देने के डर में जीने लगते हैं।

स्मृति केवल याद भर नहीं होती, वह एक ऊर्जा होती है। और जो स्मृति भीतर गांठ बन जाए, वह ऊर्जा को जाम कर देती है। हम आगे बढ़ना तो चाहते हैं, पर जैसे किसी ने अदृश्य रूप से पाँव पकड़ रखा हो। हम उड़ना चाहते हैं, लेकिन भीतर कोई वजन है जो हमें ज़मीन से बाँध देता है। तब हमें यह देखने की ज़रूरत होती है कि वह कौन-सी बात है जिसे हमने भुलाने की कोशिश की, पर वह भूली नहीं। उसे झुठलाना, दबाना, या उससे बचना काम नहीं करता उसे देखना, स्वीकारना और धीरे-धीरे उससे विदा लेना ही एकमात्र रास्ता है।

कई लोग सोचते हैं कि बीती बातों को भूल जाना चाहिए- हाँ, यह बात सही है, पर भूलना कोई बटन नहीं है जिसे दबाकर स्मृति मिटा दी जाए। पर जीवन में कुछ घाव ऐसे होते हैं जो ठीक नहीं होते, लेकिन वे सूख सकते हैं ङ्क यदि हम उन्हें हवा दें, प्रकाश दें और यह स्वीकार करें कि हाँ, यह हुआ थाजपर अब मैं यहाँ हूँ। जब हम किसी स्मृति को छिपाते हैं, तो वह भीतर गहराती है। पर जब हम उसे प्रकाश में लाते हैं, तो वह धीरे-धीरे रूपांतरण की प्रक्रिया में प्रवेश करती है।

अगर आपके भीतर कोई बात बार-बार लौट रही है, तो वह शायद आपको यह बताने आई है कि आप अभी तक पूरी तरह मुक्त नहीं हुए।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रह सकता है। न चाहते हुए भी आपको किसी ऐसे काम में हाथ डालना पड़ सकता है, जो नैतिक या सामाजिक दृष्टि से जटिल हो। घर के सदस्य, विशेषकर संतान या जीवनसाथी का व्यवहार विचलित कर सकता है। मन ही मन आप कुछ पुरानी बातों से खिन्न हो सकते हैं।

**वृष**

आज अपने फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स, टैक्स, या इंश्योरेंस से जुड़े मामलों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। किसी लंबे समय से लटकी हुई कानूनी या सरकारी प्रक्रिया पूरी हो सकती है, जिससे आपको राहत मिलेगी। नौकरीपेशा जातकों के लिए बॉस से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, अनावश्यक बहस से बचें।

**मिथुन**

आज लाभ होगा और आपकी कार्यक्षमता सभी को चकित करेगी। कार्यक्षेत्र में अप्रत्याशित प्रगति होगी, जिससे आत्मविश्वास और बढ़ेगा। आपको कोई नया क्लाइंट या प्रॉजेक्ट मिल सकता है जो भविष्य में आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगा।

**कर्क**

आज बॉस या उच्च अधिकारी की अपेक्षाओं का बोझ मानसिक थकावट ला सकता है। टीमवर्क में दिक्कतें आएंगी, जिससे प्रॉजेक्ट की समयसीमा पर असर पड़ सकता है। पैसों के मामले में सोच-समझकर कदम उठाएं।

**सिंह**

आज आत्मबल अत्यधिक ऊंचा रहेगा। करियर के क्षेत्र में जो निर्णय आपने पहले लिए थे, उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। सरकारी सेवा, प्रशासन या मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को कोई विशेष पहचान या पुरस्कार मिल सकता है।

**कन्या**

आज ग्रहों की स्थिति आपके लिए करियर में तेज़ी और चुनौतियां दोनों ला सकती है। अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप अपने कार्यों को उत्साहपूर्वक पूरा करेंगे। आय में वृद्धि के संकेत हैं, लेकिन मेहनत उससे अधिक करनी पड़ेगी।

**तुला**

आज किसी कारण से मानसिक तनाव में रह सकते हैं, जिसका असर आपके निर्णयों पर पड़ सकता है। पैसों की चिंता कुछ हद तक वास्तविक है, परंतु कुछ भ्रम और संदेह आपके खुद के मन से उपजे हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद की स्थिति बन सकती है।

**वृश्चिक**

आज दिन करियर और धन दोनों क्षेत्रों में धीरे-धीरे सुधार लेकर आ रहा है। जो लोग लंबे समय से आर्थिक तंगी का सामना कर रहे थे, उन्हें राहत मिलने के संकेत हैं। किसी बड़े क्लाइंट से डील फाइनल हो सकती है। पार्ट टाइम काम या फ्रीलांसिंग के जरिए अतिरिक्त आमदनी के स्रोत खुल सकते हैं।

**धनु**

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको किसी महत्वपूर्ण संपर्क से लाभ मिल सकता है। कोई पुराना क्लाइंट या कस्टमर दोबारा आपके पास आ सकता है। व्यवसाय में रुकावटें समाप्त होंगी और आपको नई शुरुआत का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं।

**मकर**

आज दिन पेशेवर अस्थिरता और तनाव के साथ शुरू हो सकता है, लेकिन धीरे-धीरे चीजें ठीक होंगी। नौकरी में नई ज़िम्मेदारियां मिल सकती हैं जिससे आपकी स्थिति मजबूत होगी। बिजनस में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन यदि आपने हाल ही में कोई बड़ा निवेश किया है।

**कुंभ**

आज उच्चाधिकारियों से अच्छा सहयोग मिलेगा जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आयात-निर्यात या विदेशी व्यापार से जुड़े लोगों को बड़ी डील मिलने की संभावना है। मीडियाकर्मी, कलाकार और लेखक आज रचनात्मक ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि आपकी एकाग्रता बढ़ाएगी।

**मीन**

आज आप साहसिक फैसले ले सकते हैं और उनका लाभ भी मिलेगा। शोध, शिक्षा, योग, आयुर्वेद और आध्यात्म से जुड़े कार्यों में आपको प्रसिद्धि और धन दोनों मिलेगा। गुप्त शत्रुओं और ईर्ष्यालु साथियों से सतर्क रहें। कोई पुराना कर्ज वापस मिल सकता है, लेकिन किसी को उधार देने से बचें।

## संक्षिप्त समाचार

### 23 डिफेंस कंपनियों के नाम रहा मई का महीना, 60प्रतिशत तक बढ़ा भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। मई का महीना डिफेंस कंपनियों के लिए शानदार रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की वजह से डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली। 23 कंपनियां जिसमें गार्डन रीच शिपबिल्डर्स लिमिटेड, पारस डिफेंस, अपोलो माइक्रो सिस्टम, कोचिन शिपयार्ड शामिल हैं, इन कंपनियों की कीमतों में 61 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिली है। यह तेजी अकेले मई के महीने में ही डिफेंस कंपनियों में देखने को मिली। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स में मई के महीने में 22 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फरवरी के न्यूनतम स्तर से अब तक यह डिफेंस इंडेक्स 70 प्रतिशत चढ़ चुका है। लगातार 5 महीने डिफेंस इंडेक्स दबाव में था। लेकिन मार्च और अप्रैल में यह सेक्टर रिकवर करना शुरू किया। डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी की वजह ऑपरेशन सिंदूर बना। दुनिया ने भारत की डिफेंस कंपनियों के प्रोडक्ट की ताकत देखी है। पीएम लगातार मेक इन इंडिया डिफेंस प्रोडक्ट को बढ़ावा देने की बात कहते रहते हैं। इसको लेकर सरकार की तरफ से कई प्रयास भी किए गए हैं। अपोलो माइक्रो के शेयरों में तूफानी तेजी डिफेंस स्टॉक अपोलो माइक्रो सिस्टम के शेयरों की कीमतों में मई के महीने में 60 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस कंपनी के शेयरों का भाव 117 रुपये से 183 रुपये के लेवल तक पहुंच गया है। इससे पहले इस डिफेंस कंपनी के शेयरों में अक्टूबर 2023 के दौरान 62 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। ड्रोन से जुड़े स्टॉक आइडियाफोर्ज, जेन टेक्नोलॉजी, रतनइंडिया एंटरप्राइजेज और पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज के शेयरों में अबतक 50 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

### मिजोरम में भारी बारिश से भीषण तबाही, भरभराकर ढहे मकान; कई लोगों के मारे जाने की आशंका

ऐजौल, एजेंसी। पूर्वोत्तर के राज्यों में मॉनसून पहुंचने से पहले ही भारी बारिश हो रही है। मिजोरम और असम का भारी बारिश से बुरा हाल है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में पांच मकान और एक होटल के ढह जाने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे लॉन्गतलाई के बाजार वेंग और चांदमारी इलाकों के सीमावर्ती इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से मकान और होटल ढह गए। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरे म्यांमा के कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक समाज संगठन 'यंग लाई एसोसिएशन' (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ-साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पूर्वोत्तर राज्य में शुक्रवार से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने की घटनाएं हुई हैं। असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में बीते 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते असम की सरकार ने स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा सरकारी कर्मचारियों के लिए भी आकस्मिक छुट्टी की घोषणा की है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी परामर्श में कहा गया कि तेज बारिश ने राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से के जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है। बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बने गहरे दबाव के कारण इन जिलों में 20-30 सेंटीमीटर से अधिक भारी बारिश हुई।

### 3 मिनट में उड़ा दिए 40 लाख, पंजाब के बैंक में डकैतों ने दिनदहाड़े मचाया उत्पात

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब के फगवाड़ा के एक बैंक में डकैतों ने दिनदहाड़े उत्पात मचाया है। इस दौरान डकैतों ने 3 मिनट के अंदर बैंक के लगभग 40 लाख रुपए लूट लिए। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को फगवाड़ा-होशियारपुर हाईवे पर स्थित रिहाणा जट्टां गांव में एचडीएफसी बैंक की एक शाखा में यह घटना हुई है, जहां गुंडों ने गन प्वाइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस के मुताबिक तीन लुटेरे कार में सवार होकर आए और बैंक से करीब 40 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फगवाड़ा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसपी सिटी फगवाड़ा रुपिंदर कौर भाटी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक शिकवर दोपहर तीन बजे हथियारों से लैस दो बदमाश बैंक में घुस गए। उनका एक साथी कार में ही मौजूद था। दोनों बदमाशों ने पहले बैंक में मौजूद सभी के मोबाइल फोन छीन लिए और फिर ब्रांच मैनेजर को गन प्वाइंट पर ले लिया। डकैतों ने कै शियर लवप्रीत कौर को कैश काउंटर खोलने कहा। इसके बाद वे महज तीन मिनट में 38 से 40 लाख रुपए बटोर कर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तीनों डकैत सफेद कार में हो शियारपुर की तरफ भागे हैं। बदमाशों ने जाते समय लोगों के छीने गए मोबाइल फोन इधर-उधर फेंक दिए जिन्हें पुलिस ने बाद में रिकवर किया। एसएसपी गौरव तूरा लूट की पुष्टि करते हुए कहा है कि बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# पंचकूला खुदकुशी मामला: किसने लिखा था सुसाइड नोट, लिखावट का सैंपल तलाश रही पुलिस

पंचकूला, एजेंसी। पंचकूला में सात लोगों के परिवार की जहर खाकर खुदकुशी मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच हत्या और खुदकुशी दोनो ऐंगल से की जा रही है। पुलिस मौके स मिले दो सुइसाइड नोट की लिखावट और साइन मैच करवाकर कन्फर्म करना चाहती है कि इस घटना के पीछे कोई साजिश तो नहीं है। हालांकि पुलिस को अब तक प्रवीण मित्तल के लिखावट और हस्ताक्षर के नमूने नहीं मिल पाए हैं। बता दें कि प्रवीण मित्तल, उनकी पत्नी रीना, मां विमला, पिता देशराज, बेटियां ध्रुविका और डलिशा और बेटे हार्दिक का शव पंचकूला सेक्टर 27 में एक कार में मिला था। उस समय प्रवीण मित्तल जिंदा थे लेकिन थोड़ी ही देर में उनकी भी मौत हो गई। बताया गया कि प्रवीण ने लोन लेकर स्क्रैप की फैक्ट्री लगाई थी। इसमें करोड़ों का घाटा हुआ तो दूसरे फाइनेंसरों से कर्ज लेकर प्रवीण ने टूर ऐंड ट्रैवल का काम शुरू किया। हालांकि इस काम में भी उसे फायदा नहीं हो सका। इसके बाद वह संकेतड़ी में परिवार के साथ किराए के मकान में शिफ्ट हो गए थे। जानकारी के मुताबिक प्रवीण की हैंडराइटिंग मैच करवाने के लिए जांच अधिकारी बैंक पहुंचे थे। उन्होंने बैंक के अधिकारियों से फॉर्म, चेक या फिर अन्य डॉक्युमेंट मांगे जिससे लिखावट मैच करवाई जा सके। हालांकि बैंक ने अब तक कोई भी दस्तावेज पुलिस को नहीं दिया है। ऐसे में फरेंसिक



जांच का काम धीरे चल रहा है। पुलिस ने कहा, हम लिखावट के सैंपल पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। सैंपल मिलने के बाद तुरंत उसे फरेंसिक लैब भेज दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि दो सूइसाइड नोट पाए गए थे जिनमें कई जगहों पर लिखकरकाटा गया था और सुधारा गया था। ऐसा लगता था कि प्रवीण मित्तल अपने लिखे हुए नोट से भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं था। नोट में कहा गया था कि कर्ज में दबे होने की वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। नोट में कहा गया था कि वह नहीं चाहते की उनकी मौत के बाद उनके बच्चे सड़क पर आ जाए। इसलिए वे भी खुदकुशी कर रहे हैं। बच्चों को कोल्डड्रिंग में जहर दे दिया गया। नोट में यह भी लिखा गया था कि सबकी मौत के बाद उनका अंतिम संस्कार उनकी बुआ का लड़का संदीप अग्रवाल करेगा। पुलिस ने बताया कि प्रवीण के मोबाइल की जांज की जा रही है और इसके बाद फाइनेंसरों की भी तलाश की जाएगी। प्रवीण ने हाल में फोन पर जिन लोगं से बात की है उनकी भी जांच की जाएगी और इस घटना के हर पहलू को गंभीरता से परखा जाएगा। बता दें कि एक सूइसाइड नोट कार के डैशबोर्ड पर तो दूसरा बैग के अंदर मिला था। पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह नोट प्रवीण ने खुद लिखा है या नहीं। नोट में प्रवीण मित्तल ने कर्ज की बात लिखी थी। बता दें कि सेक्टर 27 में धीरेंद्र शास्त्री के कथा स्थल के पास ही कार खड़ी पाई गई थी। संदेह पर चेक किया गया तो कार की ड्राइविंग सीट पर प्रवीण मित्तल बैठा था और उसकी हालत गंभीर थी। पिछली सीट पर छह लोग मृत पड़े थे। प्रवीण ने बताया कि वह घूमने पंचकूला आया था और बाकी लोग पीछे थकान की वजह से सो रहे हैं। पीछे उल्टी पड़ी थी। इससे लोगों को शक हुआ तो पता चला कि पीछे की सीट पर सभी छह लोगों की मौत हो चुकी है। प्रवीण को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी भी मौत हो गई।

### हरदोई में बारात से लौट रही कार खाई में पलटी, एक ही परिवार के 4 लोगों सहित 6 की मौत

हरदोई , एजेंसी। यूपी के हरदोई जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात से लौट रही एक तेज रफ्तार कार खाई में पलट गई। इसमें कार सवार 12 लोगों में चालक सहित पांच की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक की मौत लखनऊ ट्रामा सेंटर में हो गई। मृतकों में चार एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हरदोई के नगर पंचायत पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम निवासी सेवकराम कश्यप के बेटे नीरज की बारात शुक्रवार को कस्बा से मंझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा गई थी। शादी में शामिल होने सेवकराम के भतीजे जितेंद्र कश्यप अपने छोटे भाई आकाश, बेटे सिद्धार्थ, बहनोई जौहरी निवासी किलकिली थाना पाली के साथ गए थे। वहीं मोहल्ला के अन्य लोग भी गए थे। मिली जानकारी के अनुसार देर रात एक बजे के बाद द्वारचार और जयमाल का कार्यक्रम होने के बाद कुसुमा से घर आने के लिए जितेंद्र अपने बेटे सिद्धार्थ, भाई आकाश, बहनोई जौहरी समेत अन्य लोगों के साथ घर लौटने लगा। सभी लोग कार में सवार हो गए।

## आजम खां की पत्नी-बेटे का शस्त्र लाइसेंस निरस्त, दोनों को जमा करने के दिए आदेश

रामपुर, एजेंसी। सपा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां की पत्नी एवं सपा की पूर्व विधायक डा. तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम के शस्त्र लाइसेंस डीएम कोर्ट से खारिज हो गए हैं। अदालत ने यह कार्रवाई गंज कोतवाली पुलिस की संस्तुति रिपोर्ट पर की गई है। कोर्ट ने पुलिस को दोनों के शस्त्र जमा कराने के आदेश दिए हैं। मालूम हो कि सपा से राज्यसभा सदस्य और शहर विधायक रह चुकीं डा. तजीन फात्मा तथा स्वार से विधायक रह चुके अब्दुल्ला आजम पर तमाम मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के नाम पर 32 बोर की रिवाल्वर के लाइसेंस हैं। मुकदमों को आधार बनाकर गंज कोतवाली पुलिस ने पूर्व में दोनों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति रिपोर्ट डीएम को भेजी थी, जिस पर डीएम कोर्ट से दोनों को नोटिस जारी किए गए थे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद डीएम कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम और तजीन फात्मा के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। साथ ही गंज कोतवाली पुलिस को शस्त्र जमा कर रिपोर्ट कोर्ट को भेजने के आदेश जारी किए हैं। आजम खां से जुड़े यतीमखाना प्रकरण में तीनों प्रार्थना पत्र खारिज शहर के चर्चित यतीमखाना प्रकरण में गवाह रीकॉल कराने के बचाव पक्ष के तीनों प्रार्थना पत्र अदालत ने खारिज कर दिए हैं। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के इस आदेश को सपा नेता आजम को झटका के तौर पर देखा जा रहा है। मालूम हो कि सपा सरकार में शहर कोतवाली क्षेत्र के यतीमखाना में जबरन बस्ती को खाली कराया गया था। आरोप है कि तत्कालीन मंत्री मोहम्मद आजम खां के इशारे पर उनके मीडिया प्रभारी, तत्कालीन सीओ सिटी, कुछ पुलिस वालों और ठेकेदारों ने घरों में लूटपाट और तोड़फोड़ की थी, विरोध करने पर मारपीट भी की थी। इन मुकदमों की पत्रावली एग्जाई करते हुए एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में एक साथ सुनवाई चल रही है। पूर्व में बचाव पक्ष की ओर से तीन अलग-अलग प्रार्थना पत्र दिए गए थे, जिसमें गवाहों को रीकॉल कराने का अनुरोध अदालत से किया था। इस पर अभियोजन पक्ष ने आपत्ति लगाई थी। दोनों पक्षों की बहस पूर्व में पूरी हो गई थी, शुक्रवार को मामला फैसले पर लगा था।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 84 नए मामले, ज्यादातर हल्के लक्षण

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 84 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही, साल की शुरुआत से अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या बढ़ कर 681 हो गई। राज्य के सार्वजनिक आरोग्य विभाग ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं और लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है। विभाग ने बताया कि नये मामलों में से मुंबई में 32, ठाणे जिले में दो, ठाणे नगर निगम क्षेत्र में 14, नवी मुंबई में एक, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में एक, रायगढ़ जिले में दो, पनवेल में एक, नासिक शहर में एक, पुणे जिले में एक, पुणे नगर निगम में 19, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम में तीन, सतारा में दो, कोल्हापुर जिले में एक, कोल्हापुर नगर निगम में एक और सांगली नगर निगम क्षेत्र में तीन मामले शामिल हैं। राज्य में कोविड-19 के 467 उपचाराधीन मरीज हैं, जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक सामने आए मामलों की संख्या 411 है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी मामले हल्के लक्षणों वाले हैं। जनवरी से अब तक 10,324 नमूनों की जांच की गयी जिनमें से 681 पॉजिटिव पाये गए। एक जनवरी से अब तक राज्य में कोविड-19 के सात मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच और उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।

# लोग बहुत कुछ कहते हैं, लेकिन अब समय आ गया है सच्चाई बताने का: दीया कुमारी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने हल्दीघाटी के इतिहास से जुड़ा एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि बतौर राजसमंद सांसद उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि रही - हल्दीघाटी युद्ध से जुड़े शिलालेख को बदलवाना। दीया कुमारी ने कहा कि पहले इस शिलालेख में लिखा था कि हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर विजयी हुआ था, लेकिन उन्होंने 2021 में इसे बदलवाकर इसमें महाराणा प्रताप की जीत दर्ज करवाई। जयपुर में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह के दौरान संघ शक्ति कार्यालय में मंच से बोलते हुए दीया कुमारी ने कहा, यह एक ऐसा सच है जिसे बहुत कम लोग जानते हैं। मैंने दिल्ली तक जाकर एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) से बातचीत की। उस समय अर्जुनराम मेघवाल केंद्रीय मंत्री थे। काफी प्रयासों के बाद आखिरकार हम शिलालेख बदलवाने में सफल हुए। अब जब कोई हल्दीघाटी जाएगा, तो उसे यह पढ़ने को मिलेगा कि महाराणा प्रताप युद्ध में जीते थे। दीया कुमारी ने मंच से कहा कि इतिहास के साथ अब तक अन्याय हुआ है। हमने जो इतिहास पढ़ा, वह मुगलों द्वारा लिखा गया था। अंग्रेजों ने भी उसी डिवाइड एंड रूल पॉलिसी को अपनाया। राजपूत को राजपूत से लड़वाओ, हिंदू को हिंदू से - यही राजनीति चली। दुर्भाग्य यह रहा कि आज़ादी के बाद भी देश में जो सरकारें रहीं, उन्होंने इसी इतिहास को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि



अब वक्त आ गया है कि सही इतिहास देश के सामने लाया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब देश को सही इतिहास पढ़ाने का समय आ गया है। जो हमारे नायकों के साथ अन्याय हुआ है, वह अब नहीं होना चाहिए। अपने कार्यकाल को याद करते हुए दीया कुमारी ने बताया कि उन्हें जब पार्टी ने राजसमंद से चुनाव लड़ने का निर्देश दिया था, तब वह वहां किसी को नहीं जानती थीं। मैं जयपुर की बेटी हूं, लेकिन मेवाड़ की जनता ने मुझे जो स्नेह और आशीर्वाद दिया, वह मुझे कहीं और से नहीं मिला। आज भी उनका प्यार मेरे साथ है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के तौर पर उन्होंने मेवाड़ क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाएं स्वीकृत करवाईं, जिनमें महाराणा प्रताप सर्किट और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना शामिल है। यह परियोजनाएं क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजेंगी और युवाओं को प्रेरणा देंगी। कार्यक्रम के अंत में दीया कुमारी ने कहा, मैं बहुत कम बोलती हूं, लेकिन जब बोलती हूं तो बहुत कुछ बोलती हूं। लोग बहुत कुछ कहते हैं, लेकिन अब समय आ गया है सच्चाई बताने का। हल्दीघाटी के पत्थर अब गवाही देंगे कि सच्चाई क्या है।

# पाकिस्तान से सटे राज्यों मे चलेगा ऑपरेशन शील्ड, आपको भी रहना है तैयार

जम्मू, एजेंसी। पाकिस्तान से तनाव के बीच सीमावर्ती 6 राज्यों में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत सुरक्षा की मॉक ड्रिल की जाएगी। इस ऑपरेशन शील्ड का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को युद्ध की स्थिति के लिए तैयार करना है। इसके हत यह बताया जाएगा कि युद्ध के समय खुद को और अपने आसपास के लोगों को कैसे बचाया जा सकता है।

**किन राज्यों में ऑपरेशन शील्ड :** जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों के साथ ही पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ के सीमावर्ती जिलों में यह मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले यह मॉक ड्रिल 29 मई को होनी थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दियागया था। प्रशासन ने बताया कि अब तैयारियां पूरी हो गई हैं।

**हवाई हमलों से सुरक्षा :** ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन बजेंगे और कुछ देर के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। इन्वर्टर, सोलर लाइट और मोबाइल की टॉर्च के अलावा वाहनों की लाइट जलाने पर भी पाबंदी होगी। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों से कहा गया है कि वे अपनी



खिड़कियों के पर्दे भी बंद कर दें ताकि किसी तरह की रोशनी बाहर ना निकले। प्रशासन ने इसकी जानकारी लोगों तक पहले ही पहुंचा दी है ताकि लोगों में किसी तरह का पैनिक ना हो।

यह मॉकड्रिल इसलिए कराई जा रही है ताकि एयरक्राफ्ट, ड्रोन या फिर मिसाइल हमले के वक्त लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके। इस ड्रिल के तहत बेहद शांत तरीके से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बुलया जाएगा। इसके बाद इवैकुएशन ड्रिलल होगी। आपस में बातचीत के तरीकों को लेकर भी मॉक ड्रिल की जाएगी। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तान की बौखलाहट और खीझ को देखते हुए ही यह मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। यह ड्रिल 7 मई वाली ड्रिल की तरह ही होगी।

क्यों किया जाता है ब्लैकआउट ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद सीमावर्ती जिलों में मॉकड्रिल की गई थी। पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए राज्यों को रिस्क ज्यादा होता है। यहां हवाई हमले और ड्रोन से हमले होने की गुंजाइश ज्यादा होती है। ऐसे में सरकार का फोकस इन इलाकों में ज्यादा होता है। ब्लैकआउट से दुश्मन के लिए रिहाइशी इलाकों की पहचान कर हमला करना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए मॉक ड्रिल के दौरान भी ब्लैकआउट किया जाता है।

## हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का केंद्र पर बड़ा आरोप, कहा- सेना से बात किए बिना सीजफायर

शिमला, एजेंसी। हाल ही में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला कर उसे नेस्तनाबूत कर दिया था। भारतीय सेना के हमले के बाद पाकिस्तान की तरफ से जवाबी हमला भी हुआ। हालांकि, 2-3 दिन चले इस हमले और जवाबी हमले के बाद सीजफायर हो गया। अब सीजफायर को लेकर हिमाचल प्रदेस के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सवाल खड़ा किया है। सुक्खू ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं से बात किए बिना ही सीजफायर की घोषणा कर दी। इस दौरान सुक्खू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीजफायर करने की घोषणा पर भी सवाल खड़े किए। सुक्खू ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बिना तीनों सेनाओं को विश्वास में लिए ही सीजफायर की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात तो यह है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा किसी तीसरे देश ने सोशल मीडिया के माध्यम से की। इस दौरान सीएम सुक्खू ने 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध को लेकर इंदिरा गांधी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला इंदिरा गांधी के निर्णायक नेतृत्व के बिल्कुल खिलाफ है, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया। 1971 के युद्ध में



भारत की सफलता को याद करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि उस युद्ध का परिणाम ऐतिहासिक था,क्योंकि भारत ने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया था। इस दौरान सुक्खू ने शिमला समझौते की भी याद दिलाई। शिमला समझौता भारत-पाकिस्तान के बीच साइन की हुई एक संधि है, जिसमें शांति को प्राथमिकता दी गई है। 1971 के युद्ध के बाद हुई इस संधि में भारत और पाकिस्तान के बीच शांति और बातचीत को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। सुक्खू के अलावा कांग्रेस नेता और सांसद अजय माकन ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। अजय माकन ने कहा कि साल 2008, 2011, 2013 और 2014 में उनकी सरकार के दौरान पाकिस्तान पर कई सर्जिकल स्ट्राइक की गई और पाकिस्तान को सबक सिखाया गया।

# नक्सलियों से लड़ाई का इनाम, छत्तीसगढ़ में 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले पुलिसवालों को इनाम दिया है। सरकार ने ऐसे 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन दिया है। इनमें से ज्यादातर पुलिसवाले बस्तर संभाग में तैनात हैं। डीजीपी अरुण देव गौतम ने गुरुवार को प्रमोशन का आदेश जारी किया।

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मुख्य रूप से बस्तर संभाग में तैनात निचले और मध्यम स्तर के अधिकारियों सहित 295 पुलिसकर्मियों को नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में उनकी बहादुरी के लिए प्रमोशन दी है। गुरुवार शाम को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने उनके प्रमोशन का आदेश जारी किया। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रमोशन के आदेश की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए लिखा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वीरता, साहस और समर्पण के साथ काम करने वाले छत्तीसगढ़ पुलिस के 295 पुलिसकर्मियों को उनकी बारी से पहले प्रमोशन पर बहुत-बहुत बधाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आप सभी ने नक्सलवाद के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर लड़ते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। जवानों की भुजाओं की ताकत से बस्तर का भविष्य निश्चित



रूप से विकास, खुशहाली, शांति और नए उत्साह से भरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि प्रमोशन पाने वाले पुलिसकर्मियों में से केवल एक जवान दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तैनात है, जबकि बाकी सात जिलों वाले बस्तर संभाग में विशेष कार्य बल और खुफिया शाखा सहित विभिन्न पुलिस इकाइयों से जुड़े हैं। आदेश के अनुसार, 206 कांस्टेबलों को हेड कांस्टेबल, 37 हेड कांस्टेबलों को सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई), 15 एएसआई को उपनिरीक्षक (एसआई), 16 एसआई को निरीक्षक (इंस्पेक्टर), तीन प्लाटून कमांडरों को कंपनी कमांडर, छह सहायक प्लाटून कमांडरों को प्लाटून कमांडर और 12 कर्मियों को सहायक प्लाटून कमांडर के रूप में प्रमोट किया गया है। पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि हमारे जवानों की ताकत, वीरता और बहादुरी के दम पर बस्तर से लाल आतंक का खात्मा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 295 जवानों को उनकी बहादुरी और समर्पण के सम्मान में बिना बारी के प्रमोशन दिया है। एक सवाल के जवाब में शर्मा ने कहा कि राज्य के हर जिले में बांग्लादेश से आए लोगों सहित अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एसटीएफ का गठन किया गया है। गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें बांग्लादेशी नागरिक फर्जी पहचान के आधार पर छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं राज्य के लोगों से अपील करता हूं कि वे बिना किसी की व्यक्तिगत जानकारी की पुष्टि किए किसी को भी अपना घर किराए पर न दें। लोगों को अपने किराएदारों की जानकारी स्थानीय पुलिस को देनी चाहिए।

# जसप्रीत बुमराह लेंगे संन्यास!

● इंग्लैंड दौरे से पहले भारतीय तेज गेंदबाज ने दिया ये बड़ा हिंट





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली है. इस दौरे से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान कर दिया. वहीं अब टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एक चौंकाने वाला बयान सामने आया है. इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है. शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी.

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज में से एक जसप्रीत बुमराह ने अपने रिटायमेंट प्लान का खुलासा किया है. बुमराह ने पूर्व आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकल क्लार्क के यूट्यूब पॉडकास्ट शो बेयॉन्ड 23 में बताया कि जब उनका शरीर सही तरह से क्रिकेट नहीं खेल पाएगा, उस वक्त वे संन्यास का ऐलान कर देंगे. बुमराह ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक सब कुछ खेलते रहना कठिन है. बुमराह ने आगे कहा कि मैं काफी समय से ऐसा कर रहा हूं, लेकिन एक समय पर आपको ये समझना पड़ता है कि आपका शरीर कहां जा रहा है.

### मैं हमेशा आगे बढ़ना चाहता हूं

जसप्रीत बुमराह ने आगे कहा कि आपको अपने शरीर को लेकर यह तय करना चाहिए कि कौन सा टूर्नामेंट खेलना ज्यादा जरूरी है. खिलाड़ी को अपने शरीर का इस्तेमाल करने में थोड़ा समझदार होना चाहिए. बुमराह ने आगे कहा कि मैं क्रिकेटर के तौर पर अपने करियर में कुछ नहीं छोड़ना चाहता और हमेशा ही आगे बढ़ना चाहता हूं.

# लिवरपूल ने जेरेमी फ्रिम्पोंग को किया साइन



**लिवरपूल, एजेंसी।** लिवरपूल ने बायर लीवरकुसेन से डच खिलाड़ी जेरेमी फ्रिम्पोंग के साथ अनुबंध किया है। नए कोच आर्ने स्लॉट के आने के बाद क्लब का पहला बड़ा अनुबंध है। 24 वर्षीय राइट-विंग-बैक ने शुक्रवार को एएक्सए ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक मेडिकल पूरा करने के बाद दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। क्लब के आधिकारिक चैनल से बात करते हुए फ्रिम्पोंग ने कहा, यह काफी आसान रहा। लिवरपूल ने दिलचस्पी जाहिर की थी और यह मेरे लिए बड़े अवसर की तरह था।

विंग-बैक ने कहा, मेरे लिए यह ऐसा था कि आप लोग किसी भी तरह, बस इसे पूरा करें। लिवरपूल के प्रशंसकों को मैं अपना सब देने जा रहा हूं, और उम्मीद है कि हम एक साथ जीतेंगे, एक साथ जश्न मनाएंगे, सब कुछ एक साथ करेंगे। फ्रिम्पोंग ने बेयर लीवरकुसेन के 2023-24 के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने साढ़े चार साल के साथ के दौरान 190 मैचों में 30 गोल किए थे और 44 गोलों में सहायता दी थी। जाबी अलोंसो के नेतृत्व में, फ्रिम्पोंग ने क्लब को एक अपराजित बुंडेसलीगा खिताब और डीएफबी-पोकल हासिल करने में मदद की, और उनके उल्लेखनीय 51-गेम अपराजित लकीर ने आखिरकार यूईएफए यूरोपा लीग के फाइनल के साथ अपना समापन किया।

पुरानी गेंद से लेकर बाउंड्री पर कैच तक...

# क्रिकेट में जून 2025 से लागू होंगे नए नियम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट के खेल को और रोमांचक बनाने के लिए नए खेल नियमों को लागू करने का फैसला किया है. ये नियम जून 2025 से प्रभावी होंगे.

व्हाइट बॉल और रेड बॉल क्रिकेट में कई नियम बदलने जा रहे हैं, जिससे गेंद और बल्ले के बीच बराबर की टक्कर देखने को मिलेगी. रिपोर्ट के मुताबिक, वनडे में पुरानी गेंद, कनकशन सब्स्टीट्यूट, डीआरएस और बाउंड्री लाइन पर लिए जाने वाले कैचों के नियम में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं. आईसीसी का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाना है. हाल के सालों में, खासकर सीमित ओवरों के फॉर्मेट में, बल्लेबाजों का दबदबा देखा गया है, जिसके कारण गेंदबाजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है. लेकिन अब वनडे क्रिकेट में लागू दो गेंदों के नियम को हटाने की योजना है. इस नियम के तहत, दोनों छोर से दो नई गेंदों का उपयोग किया जाता था, जिससे गेंदबाजों को स्विंग और सीम मूवमेंट में कमी का सामना करना पड़ता था. लेकिन जून 2025 से लागू हो रहे नए नियमों के हिसाब से वनडे में अब 34 ओवर तक दो गेंदें इस्तेमाल होंगी. इसके बाद 35 से 50 ओवर तक सिर्फ 1 गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा. फील्डिंग टीम 35 से 50 ओवर के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो गेंदों में से एक का चयन करेगी.

चुनी गई गेंद का इस्तेमाल मैच के बाकी बचे समय में दोनों छोर पर किया जाएगा. वहीं, कोई वनडे मैच बारिश या किसी और वजह से 25 ओवर से कम का खेला जाता है तो दोनों पारियों में सिर्फ 1-1 गेंद का ही इस्तेमाल होगा. बता दें, वनडे में ये नया नियम 2 जुलाई से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज से लागू होगा.

### कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी बदलेगा

कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी पिछले कुछ समय से विवादों में रहा है. लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम बताने होंगे. इन 5 खिलाड़ियों में से एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर होगा. दूसरी ओर बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकॉल में नियम में बदलाव के बारे में बाद में भी आईसीसी जल्द ही सभी टीमों को बताएगी. हालांकि टेस्ट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के बाद लागू होंगे.

महिला फैन ने दी धमकी

# आरसीबी फाइनल नहीं जीती तो तलाक दे दूंगी...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है, अब आखिरी 2 मैचों का खेल बाकी है. दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस का जोश देखते ही बनता है. क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स पर शानदार जीत के बाद आरसीबी फाइनल में पहुंच चुकी है. आरसीबी की टीम 9 साल के बाद आईपीएल का फाइनल खेलने वाली है. इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एक फैन सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है. इस फैन ने आरसीबी के ना जीतने पर अपने पति को तलाक देने की धमकी दी है. 29 मई 2025 को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर-1 मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. इससे पहले आरसीबी ने अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ में खेला था. इस मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद एक महिला फैन ने अनोखा पोस्टर लहराया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया. पोस्टर पर लिखा संदेश इतना अनोखा था कि यह तुरंत कैमरों की नजर में आ गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस पोस्टर का वीडियो अब लाखों लोगों तक पहुंच चुका है, और फैंस इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. इस पोस्टर पर लिखा है, 'अगर आरसीबी फाइनल नहीं जीती, तो मैं अपने पति को तलाक दे दूंगी.' इस अनोखे और बोल्ड बयान ने क्रिकेट फैंस के बीच हंसी, आश्चर्य और बहस का माहौल बना दिया है. आरसीबी के फैंस हमेशा से अपने जोश और जुनून के लिए मशहूर रहे हैं. इस महिला फैन का पोस्टर भी उनके इस जुनून का एक उदाहरण है. वहीं, कुछ लोगों ने इसे गंभीरता से लिया और सवाल उठाया कि क्रिकेट के फैसले को निजी रिश्तों से जोड़ना कहां तक उचित है.

### शानदार फॉर्म में आरसीबी की टीम

आरसीबी की टीम अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में बनी हुई है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ये सीजन अभी तक काफी शानदार रहा है. उसने लीग स्टेज में 14 में से 9 मैचों में जीत हासिल की और 19 अंकों के साथ वह दूसरे स्थान पर रही.आरसीबी अब 3 जून 2025 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में मुकाबला उतरेगी. उसका सामना क्वालिफायर-2 की विजेता टीम (मुंबई इंडियंस या पंजाब किंग्स) से होगा.

आईपीएल 2025:

# टूटे सभी रिकॉर्ड्स, प्लेऑफ मैच में जमकर बरसे रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मैच चंडीगढ़ में शुक्रवार को खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 20 रन से मात दी। इसी के साथ मुंबई क्वालीफायर-2 में पहुंच चुकी है। इस नॉकआउट मुकाबले में जमकर रन बरसे। आलम ये रहा कि पिछले सभी रिकॉर्ड्स भी टूट गए। इस मैच में मुंबई ने 228 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 208 रन बना सकी। यानी मुकाबले में कुल मिलाकर 436 रन बने। ये आईपीएल इतिहास के प्लेऑफ मैच में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 2014 में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने मिलकर 428 जोड़े थे। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच साल 2016 में खेला गया फाइनल मुकाबला तीसरे स्थान पर है, जिसमें कुल 408 रन बने थे। इनके अलावा गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीम साल 2023 में मिलकर 404 रन बना चुकी है। 30 मई को खेले गए निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। टीम के लिए रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन की पारी खेली। दोनों सलामी बल्लेबाजों के बीच 7.2 ओवरों में 84 रन की साझेदारी हुई। विपक्षी टीम के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने 2-2 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज ने 1 शिकार किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज साईं सुदर्शन ने सर्वाधिक 80 रन की पारी खेली, जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन का योगदान दिया, लेकिन गुजरात को जीत नहीं दिला सके। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 2 शिकार किए। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सेंटनर और अश्विनी कुमार ने 1-1 विकेट चटकाए। क्वालीफायर-2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1 जून को खेला जाना है, जहां मुंबई का सामना पंजाब किंग्स से होगा। ये नॉकआउट मैच जीतने वाली टीम 3 जून को इसी स्टेडियम में आरसीबी से खिताब के लिए भिड़ेगी।

# करुण नायर ने जड़ा नाबाद शतक

● टीम इंडिया से बाहर हुए सरफराज खान भी चमके ● इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ इंडिया-ए मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड लॉयन्स और इंडिया-ए के बीच चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच 30 मई (शुक्रवार) से कैंटरबरी के सेंट लॉरेंस ग्रांउड पर शुरू हुआ. इस मुकाबले के पहले दिन करुण नायर और सरफराज खान ने शानदार बल्लेबाजी की. करुण नायर ने जहां नाबाद शतकीय पारी खेली है. वहीं सरफराज खान ने 92 रनों का योगदान दिया. ध्रुव जुरेल के बल्ले से भी नाबाद अर्धशतकीय पारी निकली है. इन तीनों खिलाड़ियों की शानदार पारियों के दम पर इंडिया-ए ने पहले दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए. करुण नायर 186 (246 गेंद, 24 चौके और 1 सिक्स) और ध्रुव जुरेल 82 रनों (104 गेंद, 9 चौके और एक सिक्स) पर नाबाद लौटे. करुण और जुरेल के बीच चौथे विकेट के लिए अब तक 177 रनों की पार्टनरशिप हो चुकी है.

बता दें कि करुण नायर को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के भारतीय टीम में जगह मिली है. वहीं सरफराज खान को ड्रॉप कर दिया गया था. अब सरफराज ने शानदार पारी खेलकर चयनकर्ताओं को जवाब दिया है. दूसरी ओर करुण नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की.



### यशस्वी-ईश्वरन ने किया निराश

इस मुकाबले में इंडिया-ए को पहला झटका छठे ही ओवर में लग गया, जब कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज 8 रनों के निजी स्कोर पर एडवर्क जैक का शिकार बने. फिर दूसरे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (24 रन) भी सेट होने के बाद जोश हल की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच थमा बैठे. 51 रनों पर दूसरा विकेट गिरने के बाद सरफराज खान और करुण नायर ने जबरदस्त पार्टनरशिप करके टीम को संभाला. सरफराज और करुण नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 181 रनों की पार्टनरशिप हुई. सरफराज ने 119 गेंदों पर 92 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे. सरफराज को जोश हल ने विकेटकीपर जेम्स रेव के हाथों कैच आउट कराया. सरफराज के आउट होने के कुछ देर बाद करुण नायर ने अपना शतक पूरा कर लिया. करुण के फर्स्ट क्लास करियर का ये 24वां शतक रहा.

**इंडिया-ए की प्लेइंग-11:**

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे, अंशुल कम्बोज, हर्षित राणा, मुकेश कुमार.

**इंग्लैंड लॉयन्स की प्लेइंग-11:**

टॉम हेंस, बेन मैकिनी, एमिलियो गे, मैक्स होल्डन, जेम्स रेव (कप्तान/विकेटकीपर), डैन मूसली, रेहान अहमद , जमान अख्तर, एडवर्ड जैक, जोश हल, अजीत डेल.

# रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को खेले गए आईपीएल एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जायंट्स को हरा दिया। अब मुंबई की टीम 1 जून को पंजाब के साथ क्वालिफायर-2 खेलेगी। इस मैच में जीतने वाली



टीम फाइनल में आरसीबी से भिड़ेगी। मुंबई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 81 रनों की पारी खेली। रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बने। वे कोहली के बाद 7 हजार रन बनाने वाले लीग के दूसरे बैटर भी बने। गुजरात टाइटंस आईपीएल के इस सीजन सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली टीम बनी। टीम ने इस सीजन 27 कैच ड्रॉप किए। जीटी ने अपने पहले पांच मैचों में कुल 5 कैच गिराए थे, लेकिन इसके बाद के अगले 10 मैचों में 22 कैच छोड़े। मेंस टी-20 लीग में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम हो गया है। उन्होंने इस सीजन 15 बार 25+ का स्कोर किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 13 पारियों के साथ केन विलियमसन (आईपीएल 2018) और शुभमन गिल (आईपीएल 2023) के नाम था।

थाईलेंड ओपनः


# मुक्केबाज किरण और दीपक थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे, प्रिया को कांस्य से करना पड़ा संतोष



**बैंकॉक, एजेंसी।** महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में ने किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया। भारतीय मुक्केबाज किरण और दीपक ने चौथे थाईलैंड ओपन में अपने अपने वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में ने किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया। दीपक ने बेहतर तकनीकी कौशल दिखाने के अलावा मौका मिलने पर अंक भी बटोरे। भारत ने प्रतियोगिता में 19 सदस्यीय दल उतारा है। महिलाओं के सेमीफाइनल में प्रिया (57 किग्रा) और सनेह (70 किग्रा) अपने मुकाबलों में संघर्ष करने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं, तथा उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

फ्रेंच ओपनः

# स्वियातेक और सबालेंका फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में, अल्कारेज और टियाफो भी अगले राउंड में पहुंचे



**पेरिस, एजेंसी।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की।

गत महिला चैंपियन इगा स्वियातेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं, पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और फ्रांसेस टियाफो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।

**सबालेंका और स्वियातेक की एकतरफा जीतः** तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की। स्वियातेक का दूसरा सेट एक घंटे 16 मिनट तक चला। 27 वर्षीय सबालेंका इस साल छह एकल फाइनल में पहुंच चुकी हैं, लेकिन स्वियातेक पिछले साल लगातार अपना तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने 18 वर्षीय क्वालिफायर विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-4, से मात दी, जबकि 16वें नंबर की खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा और लियूडमिला सैमसोनोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

**अल्कारेज और टियाफो भी जीते**

पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कारेज ने जुम्बुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने हमवतन कोर्डा को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में आठवें नंबर के लोरेंजो मुसेटी ने मारियानो नावोने को, होग्लर रूने ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को और अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने कारेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

**सिनर और गॉफ भी अगले दौर में पहुंचे**

इससे पहले विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ बृहस्पतिवार को जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी।

**ज्वेरेव और फिल्स भी अगले दौर में**

तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पैर की परेशानी से निपटने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। उन्होंने हालांकि तीन सेटों में कोरेंटिन मोउटेट को शिकस्त दी। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण

## सतना को मिली हवाई उडान की सुविधा, विकास को मिलेगी रफ्तार उडान योजना अगले दस वर्षो तक क्रियान्वित रहेगी, विकसित भारत बनने तक देश में होंगे 400 हवाई अड्डेः राज्यमंत्री मुरलीधर, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वां जन्म जयंती वर्ष महिला सषक्तीकरण को समर्पित : दिलीप जायसवाल



**सतना।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्बूरी मैदान भोपाल में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्या बाई महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। सतना को हवाई उडान की सुविधा मिलने से क्षेत्र के औद्योगिक विकास, पर्यटन, चिकित्सा एवं आर्थिक समृद्धि को बढावा मिलेगा। सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर सतना में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के नागरिक उडड्यन एवं विमानन राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उडान योजना के माध्यम से आने वाले समय में हवाई अड्डों की संख्या 200 तक बढाई जायेगी और विकसित भारत बनने तक देश में कुल हवाई अड्डों की संख्या 400 के लगभग हो जायेगी। उन्होंने कहा कि उडान योजना अगले 10 साल तक क्रियान्वित रहेगी। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के सतना और दतिया धार्मिक महत्व के शहर को प्रधानमंत्री ने हवाई उडान की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह वर्ष महिला सशक्तीकरण को समर्पित किया गया है। इस मौके पर सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, मेम्बर ऑफ प्लानिंग कमेटी अनिल कुमार गुप्ता, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना भी मंचासीन रहे।

सतना के नवनिर्मित एयरपोर्ट में आयोजित स्थानीय लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि विंध्य की धरती में मां शारदा देवी की नगरी तथा प्रभु श्री राम की वन स्थली से जुडे सतना में एयरपोर्ट का लोकार्पण जनआकांक्षाओं के पूरे होने और भविष्य की संभावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती का 300 वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने कुशल प्रशासन के साथ ही शिक्षा, पेयजल, विकास, आध्यात्म सहित अन्य गतिविधियों से समाज को सशक्त बनाने का कार्य किया। राज्यमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्याबाई की जन्म भूमि महाराष्ट्र और कर्मभूमि मध्यप्रदेश रही है। लेकिन उन्होंने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से पूरे देश को जोडने का काम किया। राज्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता के लिए आज का दिन आनंददायी क्षण है। जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और उनके कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश के चतुर्दिक विकास का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के पूर्वोत्तर क्षेत्र का सतना जिला आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा हुआ देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। सतना का यह एयरपोर्ट औद्योगिक विकास, रोजगार, चिकित्सा, पर्यटन सुविधाओं के साथ आर्थिक समृद्धि को बढावा देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में पिछले 11 सालों में देश के हर क्षेत्र में प्रगति से क्रांतिकारी बदलाव हुए है। देश में वर्ष 2014 के पहले मात्र 74 एयरपोर्ट थे। इन वर्षो में एयरपोर्ट की संख्या 160 तक पहुंच गई है। सतना का एयरपोर्ट 160 एयरपोर्ट है। प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप उडान योजना के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों को हवाई सेवा से जोडा जा रहा है। अब हवाई चप्पल पहनने वाले गरीब व्यक्ति भी हवाई सफर की सुविधा ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास के नये आयाम लिख रही है। उन्होंने कहा कि सतना की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि सतना एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए नागरिक विमानन मंत्रालय द्वारा सकारात्मक विचार कर कार्य किये जायेंगे। मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती वर्ष को राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के रूप में मनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में रेल, सडक, हवाई सेवा सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री के विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाओं को सुरक्षित किया गया है। वही पडोसी देश की कायराना हरकत का मुंहतोड जबाब भी हमारी सेना ने दिया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की मध्यप्रदेश सरकार ने तेज गति से रेल, सडक, हवाई सेवा, मेडीकल कॉलेज, शिक्षा, पीएमश्री विद्यालय, संदीपनी स्कूल सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य किये हैं।

सांसद सतना श्री गणेश सिंह ने सतना जिले को हवाई सेवा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सतना के एयरपोर्ट लोकार्पण के साथ ही यह क्षेत्र भी देश के हवाई सेवा के मानचित्र में अंकित हो गया है। उन्होंने कहा कि सतना विंध्य क्षेत्र का औद्योगिक जिला है। इस हवाई अड्डे को देश के बडे एयरपोर्ट से जोडने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा हवाई चप्पल पहनने वाले आम मजदूर और नागरिक भी हवाई सेवा का लाभ उठाये, इसी के दृष्टिगत सतना एयरपोर्ट से प्रारंभ हो रही हवाई सेवा की पहली उडान में 7 अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलायें इस सेवा का लाभ ले रही है। सांसद ने कहा कि वर्ष 2014 के पूर्व देश में कुल 74 एयरपोर्ट थे। जिनकी संख्या बढकर 160 हो गई है। उन्होंने बताया कि सतना का हवाई अड्डा भारत-चीन युद्ध के दौरान 1962 में बना हुआ था। जिससे डीजीसीए की मान्यता नहीं होने से यहां से उडान सेवायें नहीं शुरू की गई थी। डीजीसीए की मान्यता मिलने के बाद अब इस सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट से हवाई उडान की नियमित सेवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे की भूमि पर 157 एकड भूमि में अतिक्रमण है। एयरपोर्ट एथारिटी द्वारा शीघ्र भूमि वापस लेकर रनवे का विस्तार करेगा और यहां से यात्रियों की उपलब्धता के अनुरूप 19 सीटर विमान की नियमित सेवायें शुरू की जायेगी। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि सतना से इसके पूर्व भी दो बार हवाई सेवायें शुरू की गई थी। सतना एयरपोर्ट में 19 सीटर विमान के लिए रनवे का विस्तार किया जाना आवश्यक होगा।

उन्होंने कहा कि अब विस्तृत रूप से सतना एयरपोर्ट से हवाई सुविधा मिलने पर भोपाल और इन्दौर की कनेक्टविटी बढेगी। महापौर ने विमान की टाइमिंग और किराया अनुकूल स्वरूप में निर्धारित करने की मांग की। इसके पूर्व सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर एयरक्राफ्ट फ्लाई ओला की कैप्टन मोहिंदर कौर और कोआर्डिनेट डॉ. मोनिका का अभिनंदन किया गया और पहली बार उडान पर जाने वाली महिला यात्री ग्राम कैमा सोहावल की छोटी बाई कोल, नगर पंचायत कोठी की पार्षद बूटी कोल, सतना बदखर वार्ड नम्बर 12 की संगीता कोल, रामपुर बघेलान की ग्राम मगरवार की सुमित्रा आदिवासी, मैहर ग्राम लखवार वार्ड नम्बर 23 की रितु कोल, माधवगढ सरिया टोला की मैना देवी कोल और धवारी वार्ड नम्बर 31 की भूरी बाई कोल को बोर्डिग पास प्रदान किये गये।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती के अवसर पर 6 महिलाओं का सम्मान



सतना

सतना एयरपोर्ट पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तीकरण के कार्यक्रम में केन्द्रीय विमानन राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल और कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने सतना जिले की विभिन्न की सेवाओं में उल्लेखनीय कार्य के लिए 6 महिलाओं को सम्मानित किया। इनमें नागौद जनपद की सितपुरा निवासी सुश्री नीतू सिंह को स्व सहायता समूह के माध्यम से 500 से भी अधिक महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देने, सोहावल विकासखण्ड की करही कोठार गांव की श्रीमती कमला चौधरी को बैंक सखी के रूप में कार्य करने तथा महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण देने, रामपुर बघेलान की खैरा निवासी श्रीमती आशा अहिरवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57 स्व-सहायता समूह को 1 करोड 93 लाख की राशि बैंक के माध्यम से दिलाने के उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से उचेहरा विकासखण्ड की गडौली निवासी अर्चना दुबे को आचार, बडी, पापड, मुरब्बा, बर्फी का स्वरोजगार शुरू कर अन्य महिलाओं को रोजगार देने, नागौद विकासखण्ड की सरपंच जसो निशा कुशवाहा को स्वच्छ भारत मिशन और वृक्षारोपण के कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा नगर निगम क्षेत्र की श्रीमती नुसरत सीरी को 150 समूहों का गठन कर शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक संवर्धन के लिए 4370 हितग्राहियों को बैंकों के माध्यम से 13 करोड 11 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद के लिए सम्मानित किया गया।

# प्रशासनिक लापरवाही के चलते मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय एशियन मेडलिस्ट खिलाड़ी का अपमान

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में आयोजित मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी लापरवाही सामने आई है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाली एशियन मेडलिस्ट खिलाड़ी हर्षिता विश्वकर्मा का अपमान कर दिया गया।




कार्यक्रम में हर्षिता को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित तो किया गयाए लेकिन उन्हें मंच पर। जाने के लिए घंटों इंतजार करवाया गया। बाद में पता चला कि उनका नाम सम्मान सूची में ही नहीं था। कार्यक्रम में मौजूद सूत्रों के अनुसार हर्षिता को दो से तीन घंटे मंच पर बैठाकर इंतजार कराया गयाए पर अंत में उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।

इस संबंध में हर्षिता के कोच इरफान खान ने बताया कि उन्होंने सीएमएचओ श्री त्रिपाठी से संपर्क किया जिन्होंने स्पष्ट किया कि यह चूक महिला एवं बाल विकास विभाग पन्ना की ओर से हुई है। विभाग की ओर से भेजी गई सूची में दिवाकर चौबे और अंजली गुप्ता ने हर्षिता का नाम सबसे ऊपर दर्ज किया था इसके बावजूद उन्हें सम्मान से वंचित कर दिया गया।

घटना क्रम से आहत हर्षिता ने कहा अगर किसी को सम्मान देना नहीं आता तो कम से कम अपमान भी न करें। हमने देश के लिए मेडल जीता है और इसके बाद भी ऐसे बर्ताव से ठेस पहुंची है।

हर्षिता ने हाल ही में 8वीं एशियन जु.जित्सु चैंपियनशिप 2024 में यूएई के अबू धाबी में भारत के लिए मेडल जीता था।

इस घटना। क्रम के बाद खिलाड़ियों तथा आम लोगों में प्रशासनिक लापर वही के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों का कहना है कि यह केवल एक खिलाड़ी का नहींबल्कि पूरे देश के सम्मान का अपमान है। क्या देश के लिए पदक लाने वाले खिलाड़ियों के साथ ऐसा व्यवहार होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 131 विवाह संपन्न



**पन्ना।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्थानीय पॉलिटेक्निक ग्राउंड में सामूहिक विवाह संपन्न हुए जिसमें 131 जोड़ो को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आशीर्वाद दिया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा लगातार गरीब कल्याण की भीयोजनाएं चलाई जा रही है उन्हीं योजनाओं में मुख्यमंत्री समूह विवाह योजना है जिसमें प्रत्येक जोड़े को पचपन हजार की राशि दी जाती है तथा दहेज का समान भी दिया जाता है इस अवसर पर कृषि मंत्री इंदल सिंह कंसाना क्षेत्रीय सांसद तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा पूर्व मंत्री क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा पवई विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रहलाद लोधी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जिले के उत्तर वन मंडल परिक्षेत्र में बाघिन की मौत

## जिले में लगातार वन प्राणियों की मौत का सिलसिला जारी

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में वन्य प्राणियों के मौत का सिलसिला थमने का का नाम नहीं ले रहा। उत्तर वन मंडल के देवेंद्रनगर वन परिक्षेत्र में एक बाघिन का शव मिला है। इस माह अब तक यहां दो तेंदुओं व एक भालू की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। अब बाघिन का शव मिलने से हड़कंप मचा हुआ है।



परिक्षेत्र अधिकारी मनोज सिंह बघेल ने बताया कि बाघिन का शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके की सर्चिंग की गई है, जहां अवैध गतिविधि के कोई संकेत नहीं मिले। उन्होंने बताया कि मृत बाघिन की मौत आपसी संघर्ष के चलते हुई है। बाघिन के सिर सहित कई जगह घाव हैं, जिससे पता चलता है कि टेरिटरी को लेकर आपसी संघर्ष हुआ है। मृत बाघिन की उम्र लगभग 9-10 साल है।

बाघिन के शव का पोस्टमार्टम पन्ना टाइगर रिज़र्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। शव से सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के उपरांत बाघिन के शव को जलाकर विनष्टीकरण किया गया। इस मौके पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

गौरतलब है कि आज ही प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पन्ना के प्रवास पर आ रहे हैं। वे पन्ना में 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देने के साथ विवाह सम्मेलन में भी शामिल हुए 131जोड़ों के विवाह संपन्न हुए ।

# ग्राम लक्ष्मीपुर में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा ग्रामीणजनों को शिविर के उद्देश्य, महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान कर नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालकों के अधिकार संबंधी जानकारी प्रदान कर किशोर बालकों को अपराध से दूर रहने की समझाईश दी गई। साथ ही बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को पॉक्सो, दहेज प्रतिषेध एवं घरेलू हिंसा अधिनियम सहित म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 एवं नालसा पीड़ित प्रतिकर योजना 2018 के प्रावधानों के बारे में बताया गया। शिविर में आनंद त्रिपाठी एवं पवन कुमार पाण्डेय ने प्राधिकरण अंतर्गत स्थापित लीगल एड डिफेंस काउसिंल कार्यालय व प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान सरपंच नीलम खंगार, सचिव रामलगन सेन एवं रोजगार सहायक अतुल रावत भी उपस्थित रहे।

प्राधिकरण कार्यालय द्वारा मंगलवार को पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में भी विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी ने महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न विधिक प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार तथा प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित योजनाओं एवं विधिक सहायता योजना की जानकारी प्रदान की। शिविर में पर्यवेक्षक किरण खरे एवं अंजली गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

# राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा 2 जून से

**पन्ना।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (राज्य ओपन स्कूल) की कक्षा-10वीं एवं 12वीं के लिए संचालित रुक जाना नहीं योजना, आ लौट चलें योजना, ओपन स्कूल (परंपरागत), आईटीआई परीक्षा, सीबीएसई ऑन डिमांड परीक्षा और कक्षा-5वीं एवं 8वीं की आगामी परीक्षा 2 जून से 20 जून, 2025 तक सभी जिला मुख्यालय में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जा रही हैं। उक्त परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं, जो मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले आवेदक किसी भी प्रकार की सहायता कंट्रोल रूम के फोन नम्बर 0755-2552106 से प्राप्त कर सकते हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 जून से 30 सितम्बर तक चलेगा

**पन्ना।** एक पेड़ मां के नाम भारत शासन का जन एवं सामुदायिक सहयोग से एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 2024 को एक पौधा रोपित कर किया गया था। इस वर्ष यह अभियान प्रदेश में 5 जून से 30 सितम्बर तक पूर्ण उत्साह एवं व्यापक रूप से मनाया जाना है। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को अपने जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में सेही का शिकार करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## न्यायालय के आदेश से भेजा गया जेल

**पन्ना।** विगत दिनों पन्ना टाइगर रिजर्व में सेही का शिकार हुआ था इस पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पन्ना टाइगर रिजर्व के अमले द्वारा सेही के शिकार में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

अवैध शिकार करने वालों पर वन्य प्राणी अधिनियम के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 667/23 दिनांक 20/5/2025 को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,27, 29, 31, 39,51,52 के तहत आज दिनांक 28/05/2025 को गिरफ्तार कर आरोपियों को माननीय न्यायालय पन्ना में पेश किया गया जहां पर माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल भेजा गया है।



तीन आरोपी जो शिकार में शामिल थे उनके नाम , हर प्रसाद उर्फ धन्ना आदिवासी पिता दसुआ आदिवासी उम्र 24 वर्ष निवासी बागोह पुलिस थाना मंडला जिला पन्नापरसू कोदर पिता सुकइया कोदर उम्र 48 वर्ष निवासी बागोह पुलिस थाना मंडला जिला पन्ना. प्रीतम कोदर पिता रघुवर कोदर उम्र 26 वर्ष निवासी बागोह पुलिस थाना मंडला निवासी जिला पन्ना, आदि।

# कैंसर पीड़ित महिला को नहीं मिल रहा संबल योजना का लाभ

**पन्ना।** जिले में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर चल रहा है किसी भी गरीब हितग्राही का काम बिना रिश्वत दिए नहीं होता है इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोह। का सामने आया है जहां पर आवेदक कुइया बाई पति बाबू लाल यादव ने जिला कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में बताया कि मुझे कैंसर की बीमारी है भारी परेशान हूं मेरे पुत्र वेंलेंद्र यादव की मृत्यु करंट लगने से गुजरात में हो गई थी पुत्र की मृत्यु का संबल योजना प्रकरण 19 दिसंबर 2023 में जनपद पंचायत गुनौर में जमा किया गया था लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज दिनांक तक संबल योजना की राशि पीड़ित बीमार मां को नहीं मिली है उक्त वृद्धि महिला जनपद पंचायत जिला पंचायत तथा कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगा लगा कर परेशान हैं महिला ने बताया कि जनपद पंचायत गुनौर के संबंधित लिपिक मोहनलाल द्वारा पांच हज़ार मांग की जा रही थी न देने पर उसके द्वारा संबंधित आवेदन में अनेक कमियां कर दी गई जिससे आज दिनांक तक राशि प्राप्त नहीं हुई है महिला ने जिला कलेक्टर से संबल योजना की राशि की मांग की है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, रविवार 01 जून 2025




प्रदेश के साथ-साथ मऊगंज जिले में भी लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



## लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती में आयोजित हुई संगोष्ठी

### अहिल्याबाई का जीवन राजनीति, जनसेवा और धर्मसेवा का अद्भुत संगम था : डॉ द्विवेदी



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े समाजसेवी एवं आम जनमानस उपस्थित रहे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आशुतोष द्विवेदी ने लोक माता के जन्म से लेकर उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ द्विवेदी ने कहा रानी अहिल्याबाई का जीवन राजनीति, जनसेवा और धर्मसेवा का अनूठा संगम था। उन्होंने अत्यंत ही साधारण परिवार में जन्म लेकर होल्कर राजवंश की बहू बनकर होल्कर साम्राज्य को संभाला। उनकी राजनैतिक कुशलता, शासन प्रबंध, न्यायप्रियता और सनातन धर्म के प्रति आस्था ने उन्हें सामान्य शासिका से लोकमाता बनाया। जीवन में विभिन्न कठिनाईयों का सामना करते हुए उन्होंने मालवा में लंबे समय तक सफलतापूर्वक शासन करते हुए अपार लोकप्रियता और लोकमाता की पद्वी पाई। उनका संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय और आध्यात्म के लिए समर्पित रहा। लोकमाता का जीवन उनके जन्म के तीन सौ वर्ष बाद भी आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादाई है जितना की उस समय था। अहिल्याबाई का जीवन सही अर्थों में महिला सशक्तिकरण का अनुपम और अनुकरणीय उदाहरण है।

कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने संगोष्ठी के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए रानी अहिल्याबाई के जीवन और महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने संगोष्ठी में महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीमा शर्मा ने लोकमाता के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुकेश एंगल ने किया। कार्यक्रम में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष शाहिद परवेज, प्रदीप गौतम सुमन, एनजीओ से अंजुम बेनजीर, रिएक्ट संस्था से नीलू तिवारी, रुचि द्विवेदी, स्पोर्ट्स एसोसिएशन से उमा सोंधिया, जन अभियान परिषद से अमित अवस्थी, गौ सेवा केंद्र से कुसुम सिंह, शिक्षाविद सुनीता पाण्डेय, स्मिता साहू, बीपी सिंह, प्रियंका परते, राधा गौतम, संध्या त्रिपाठी प्रभा शुक्ला, श्लेषा शुक्ला उपस्थित रहीं।

## कलेक्टर मऊगंज ने जन शिक्षक को किया निलंबित

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जन शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ जगन्नाथ साकेत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। जन शिक्षक श्री साकेत द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम के मंच पर अमर्यादित आचरण करने तथा नृत्य करने वाली महिला पर पैसे फेकते हुए अभद्र तरीके से नृत्य करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसकी एसडीएम हनुमना से जाँच कराये जाने पर वीडियो प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। जिसके कारण यह कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में श्री साकेत का मुख्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र हनुमना रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

### महिला सम्मेलन की तैयारियाँ तत्काल शुरू करें : कलेक्टर

**रीवा**



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 4 जून को रीवा जिले का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल गंगेव स्टेडियम का भ्रमण करके दौरे के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी 4 जून को गंगेव आएंगे। महिला स्वसहायता समूह के सम्मेलन में शामिल होने के साथ मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। महिला सम्मेलन की तैयारियाँ तत्काल शुरू कर दें। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साउंड सिस्टम और प्रकाश व्यवस्था तथा दौरे से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, तहसीलदार मनगवां सुमित गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्राची चौबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस पर नशामुक्ति कार्यशाला आयोजित



**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शांति धाम, झिरिया एवं रीवा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस कंट्रोल रूम, रीवा में अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा श्री गौरव राजपूत जी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल जी, पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह जी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं श्री विवेक लाल, सीएसपी श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी एवं श्रीमती रितु उपाध्याय, डीएसपी, एसडीओपी, टीआई, महिला थाना प्रभारी, आरआई, सूबेदार सहित जिले के सभी प्रमुख पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी जी रहीं, जिन्होंने अपने प्रभावशाली और गहन अनुभवों के माध्यम से सभा को संबोधित किया। उन्होंने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि नशा केवल एक शारीरिक या सामाजिक समस्या नहीं है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक कमजोरी का परिणाम होता है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि जब व्यक्ति अपने आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास और आत्म-गरिमा को पहचान लेता है, तब वह सहज ही नशे की आदतों से मुक्त हो सकता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया, जहाँ उन्होंने डाकूओं, अपराधियों और गहरे नशे में डूबे लोगों को राजयोग के माध्यम से एक श्रेष्ठ जीवन की ओर मोड़ा और हजारों लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में निरंतर हो रहे जल संरक्षण के कार्य



**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान रीवा और मऊगंज जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और सुधार के साथ-साथ नई जल संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में जल गंगा कलश यात्रा निकालकर लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में मऊगंज जिले के देवतालाब में जन अभियान परिषद और महिला स्वसहायता समूहों द्वारा जल कलश यात्रा और रैली निकाली गई।

इसी तरह सेमरिया में ग्राम पंचायत मझगवां में भी जन अभियान परिषद तथा पंचायत पदाधिकारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। अभियान के तहत औद्योगिक विकास केन्द्र चोरहटा में शंकर दाल मिल द्वारा गंदे पानी को साफ करने का प्लान स्थापित किया गया है। औद्योगिक इकाई में उपयोग के बाद निकले गंदे पानी को साफ करके नाले में छोड़ा जाता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई द्वारा नलजल योजनाओं का निरीक्षण करके पाइपलाइनों में सुधार का कार्य कराया जा रहा है। इस क्रम में कार्यपालन यंत्री ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम सतगढ़ में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में भाग लिया तथा नलजल योजना के संचालन एवं संधारण का जायजा लिया। अभियान के तहत जनपद पंचायत जवा की ग्राम पंचायत कोटवा खास में दो खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी तरह रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत उकठा कंचनपुर में किसान मुनेन्द्र द्विवेदी द्वारा बनाए जा रहे खेत तालाब का जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सहायक यंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया। ग्राम बुढ़िया जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में भी दो खेत तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर टीआरएस कालेज में जन-जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रीवा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में जन-जागरूकता के लिए शपथ एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग तथा प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के कुशल नेतृत्व, समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का समन्वय आई.क्यू.ए.सी. तथा चेतना फ्लैगशिप योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा आमजन में तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति सामाजिक चेतना का विकास करना एवं तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में एक ठोस पहल करना रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा सभी उपस्थितजनों को तंबाकू विरोधी शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद महाविद्यालय में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षमताओं को नष्ट करता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने जीवन में नकारात्मक आदतों से दूरी बनाकर स्वास्थ्य, शिक्षा और सकारात्मक सोच को अपनाएँ। शिक्षा ही तंबाकू उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है। समाज कार्य विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति पर सामाजिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला तथा युवाओं से तंबाकू मुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। विशिष्ट वक्ता प्रेमलाल बुनकर ने अपने संबोधन में बताया कि तंबाकू सेवन से न केवल कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप जैसे रोग उत्पन्न होते हैं, बल्कि यह मानसिक तनाव, पारिवारिक विघटन और आर्थिक क्षरण का कारण भी बनता है।

## मऊगंज में मनाई गई लोकमता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती

### रानी अहिल्याबाई का जीवन महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है : विधायक

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ मऊगंज जिले में भी लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती मनाई गई। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने जन्म जयंती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि लोकमाता रानी अहिल्याबाई मालवा ही नहीं पूरे भारत की श्रेष्ठ शासिका थीं। उन्होंने जन कल्याण को आदर्श मानकर होल्कर साम्राज्य के राजकाज का संचालन किया। उनका जीवन धर्म की सेवा, न्यायप्रियता और लोक मंगल के कार्यों से आदर्श जीवन बना। रानी अहिल्याबाई ने देश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर धर्मशालाओं का निर्माण कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर सहित देश के 250 से अधिक मंदिरों का उन्होंने जीर्णोद्धार कराया। राजकाज करते हुए भी उनके हाथों में सदैव पवित्र शिवलिंग विराजमान रहते थे। रानी अहिल्याबाई ने सदियों पहले महिला सशक्तिकरण का जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह आज भी प्रासंगिक है। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार रानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पूरे प्रदेश में मना रही है। इसके माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को भी रानी अहिल्याबाई के जीवन को जानने का अवसर मिल रहा है।

## किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक कृषि

**रीवा।** जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है।

## थाना रायपुर कर्चुलियान के 55 लावारिस वाहनों की होगी नीलामी

### वाहनों के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 12 जून तक होंगी दर्ज

**रीवा।** थाना रायपुर कर्चुलियान में 55 लावारिस दो पहिया वाहन थाना परिसर में रखे हुए हैं। सभी वाहन रात्रिकालीन गश्त और चेकिंग के दौरान लावारिस रूप में पकड़े गए हैं। इस संबंध में एसडीएम रायपुर कर्चुलियान पीएस त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस एक्ट के प्रावधानों के तहत वाहनों को राजसात करके नीलामी की कार्यवाही की जा रही है। इन वाहनों के मालिक वैध दस्तावेजों के साथ अथवा अन्य कोई व्यक्ति नीलामी के संबंध में 12 जून तक दावे-आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद वाहनों की नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित शर्तों का पालन करने वाले बोलीदार नीलामी में भाग ले सकेंगे।

थाना रायपुर कर्चुलियान में बजाज सीटी 100 एमपी 04 एनएस 8649, हीरो होण्डा स्पलेंडर एमपी 17 एमक्यू 7679, बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमएच 3350, होण्डा साइन ग्रे कलर, टीव्हीएस विक्रांत एमपी 19 एमपी 5446 की नीलामी होगी। नीलामी में हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एमसी 6962, सुजुकी हयाते लाल कलर, यामाहा एमपी 17 एमएम 1735, हीरो होण्डा ग्लैमर एमपी 65 एम 0174, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 17 एमजे 1311, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमपी 19 ई 0266, हीरो होण्डा सीडी डॉन एमपी 17 एचजी 4589, हीरो स्पलेण्डर एमपी 17 एमपी 6213, एक्टिवा एमपी 17 एसए 0163 वाहन शामिल हैं। इसी तरह हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 17 एमयू 3963, हीरो पैशन प्रो एमपी 17 एमजे 2143, हीरो होण्डा स्पलेण्डर ब्लैक सिल्वर, टीव्हीएस स्टार पर्पल कलर, टीव्हीएस स्पोर्ट्स सफेद लाल रंग, हीरो होण्डा सीडी डीलक्स एमपी 17 एमजेड 2369, एक्टिवा ग्रे कलर, हीरो स्पलेण्डर एमपी 17 एमसी 2187, बजाज डिस्कवर, हीरो होण्डा सीडी डॉन की नीलामी होगी।

नीलामी में हीरो स्पलेण्डर प्लस, टीव्हीएस स्पोर्ट्स एमपी 66 एमए 5784, टीव्हीएस स्टार, बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमएच 9638, होण्डा स्टनर एमएच 46 आर 1065, टीव्हीएस स्पोर्ट, हीरो होण्डा पैशन, बजाज प्लेटिना एमपी 18 एमसी 1664, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमएच 03 जी 9174 वाहन शामिल हैं। इसी तरह हीरो होण्डा स्पलेंडर रेड कलर, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमपी 03 यू 3701, होण्डा साइन एमपी 19 एमई 6007, कावासाकी बाक्सर एमपी 17 एचबी 7042, हीरो होण्डा एमपी 17 एचडी 5349, कावासाकी, हीरो होण्डा पैशन एमपी 17 एचसी 8444, यामाहा फ्लेम, कावासाकी बाक्सर एमपी 17 एच 1272 वाहनों की नीलामी होगी। बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमडी 3138, हीरो होण्डा पैशन प्रो जीजे 05 एफआर 4368, हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस एमपी 20 केके 5246, टीव्हीएस स्टार स्पोर्ट्स एमपी 17 एमएफ 2707, बजाज डिस्कवर एमपी 19 एमजी 2651 वाहनों की भी नीलामी की जाएगी। बजाज प्लेटिना एमपी 04 डीएम 8163, हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एचडी 6753, हीरो पैशन एमपी 17 एमई 6038, हीरो होण्डा सीडी डीलक्स एमपी 54 एम 1579, टीव्हीएस ब्लैक कलर, बाक्सर एमपी 17 एफ 9856, हीरो स्पलेण्डर प्लस एमपी 17 एचडी 7045 तथा हीरो स्पलेण्डर एमपी 19 एमडी 5867 वाहन भी नीलामी में शामिल हैं।


*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*